हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शनिवार, 7 जून 2025 | अंक 232/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान ही ?

•जोडों का दर्द • गठियावात • सन्धिशोध • सरवाइकल पेन

पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# पीएम मोदी ने कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

**जम्मू.**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में कटरा और श्रीनगर के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई. ये कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच पहली ट्रेन सेवा है. इसमें सफर करने वाले यात्रियों की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं और वो उस ट्रेन सेवा के शुरू होने पर खुशी जता रहे हैं. जायदा बेगम नाम की महिला ने कहा, "बहुत अच्छा लग रहा है. हम दिल्ली से आए हैं." एक और शख्स ने कहा, "ये तो बहुत अच्छा है. अगर किसी को जम्मू जाना है तो कम से कम पहले गाड़ी में जाते थे, उनको 8-9 घंटे लग जाते थे. 10 घंटे भी लग जाते थे. आज तो तीन चार घंटे में सफर पूरा हो जाता है. यहां तक कि अगर एक आदमी सुबह जाएगा तो शाम को वापस आ सकता है. ये हम लोगों के लिए बहुत अच्छी फैसिलिटी है."

'तमाम कश्मीर के लोगों के लिए बहुत अच्छा हुआ', इसके आगे उन्होंने कहा, "ऐसा तो कभी सोचा नहीं था लेकिन उम्मीद थी कि हमारी ये परेशानी दूर हो जाएगी. पीएम मोदी साहब ने बहुत अच्छा किया है." टूरिज्म से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा, "हां, इससे बहुत फायदा मिल सकता है." उन्होंने कहा कि इस ट्रेन सेवा का शुरू होना बहुत जरूरी था. जब बाढ़ आती थी या मौसम खराब हो जाता था तो दो-दो, तीन-तीन दिन ट्रैफिक जाम रहती थी. तमाम कश्मीर के लोगों के लिए ये बहुत अच्छा हुआ. हम सरकार का बहुत शुक्रगुजार हैं. लोको पायलट ने क्या कहा?

इस ट्रेन के संगलदान रेलवे स्टेशन पहुंचने पर लोको पायलट रामपाल शर्मा ने कहा, "ये अद्भुत नमूना है इंजीनियरिंग का. हमारे भारत के प्रधानमंत्री मोदी, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे के इंजीनियर उनकी दिन रात की मेहनत का नतीजा है कि आज हम कश्मीर को कन्याकुमारी से जोड़ पाए हैं. मैं सभी का शुक्रगुजार हूं कि इतनी जल्दी काम हो सका. नहीं तो कई साल और लग जाते. इसका सारा क्रेडिट मोदी सरकार को जाता है." 'विकसित भारत का सपना जितना बड़ा है, उतना ही बुलंद हमारा हौसला और हमारा सामर्थ' प्रधानमंत्री बोले, "ये पीर पंजाल की दुर्गम पर खड़ी भारत की शक्ति का जीवंत प्रतीक है। ये भारत के उज्ज्वल भविष्य की सिंह गर्जना है। ये दिखाता है कि विकसित भारत का सपना जितना बड़ा है, उतना ही बुलंद हमारा हौसला और हमारा सामर्थ है और सबसे बड़ी बात नेक इरादा है, अपार पुरुषार्थ है। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी चिनाब नदी पर बने विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के निकट स्थित 'व्यू प्वाइंट' पर पहुंचे और उन्हें इस परियोजना के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों अश्विनी वैष्णव, जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ पुल के पास बने रेलवे संग्रहालय का दौरा किया।

पीएम मोदी ने अंजी पुल का किया उद्घाटन, प्रधानमंत्री को संग्रहालय में इंजीनियरों और श्रमिकों के साथ बातचीत करते भी देखा गया। यह संग्रहालय रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे मेहराब वाले रेलवे पुल का हिस्सा है। बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने चिनाब रेलवे पुल और अंजी नदी पर भारत के पहले 'केबल-स्टेड' रेलवे पुल का उद्घाटन किया। यह पुल पेरिस स्थित एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। पीएम मोदी ने आज कटरा से श्रीनगर तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। अगले ही दिन यानी 7 जून 2025 से इस रूट पर आम लोगों के लिए ट्रेनें चलनी शुरू हो जाएंगी। आइए जानते हैं कटरा-श्रीनगर वंदे भारत का किराया लेकर टिकट बुकिंग तक सारी जानकारी। उधमपुर- श्रीनगर- बारामूला रेल लिंक को जोड़ती हैं ये बड़ी टनल्स, उधमपुर- श्रीनगर- बारामूला रेल लिंक की बात करें तो इस रास्ते में कई ऐसी सुरंगें हैं जो इस रेल लिंक को इंजीनियरिंग का एक अनोखा नमूना बनाती हैं। 272 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग में से लगभग 119 किलोमीटर की यात्रा 36 सुरंगों से होकर गुजरती है, जिसमें भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग टी-50 भी शामिल है।

### टिकट की कीमत कितनी है?

बता दें कि पीएम मोदी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा और सीएम उमर अब्दुल्ला की मौजूदगी में ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन में दो क्लास चेयर कार (सीसी) और एक्जीक्यूटिव क्लास (ईसी) हैं. चेयर कार के टिकट की कीमत 715 रुपये और एक्जीक्यूटिव क्लास के टिकट की कीमत 1320 रुपये है.

### पीएम ने गिनाए जम्मू-कश्मीर में हुए विकास कार्य

पीएम मोदी ने कहा, "ये प्रोजेक्ट पूरा करना मुश्किल था, चुनौतीपूर्ण था लेकिन हमारी सरकार ने चुनौती को ही चुनौती देने का रास्ता चुना है। आज जम्मू-कश्मीर में बन रहे अनेकों ऑल वेदर इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स इसका उदाहरण हैं। कुछ महीने पहले ही सोनमर्ग टनल पूरी हुई है। कुछ समय पहले ही मैं चिनाब और अंजी ब्रिज से होकर आपके बीच आया हूं। इन पुलों पर चलते हुए भारत के बुलंद इरादों को, हमारे इंजीनियर्स, हमारे श्रमिकों के हुनर और हौसले को जिया है।"

### जितने अच्छे काम हैं, वो मेरे लिए ही बाकी रहे: पीएम

पीएम मोदी बोले, "कश्मीर की अनेक पीढ़ियां रेल कनेक्टिविटी का सपना देखते देखते गुजर गईं। मैं कल सीएम उमर अब्दुल्ला का बयान देख रहा था और उन्होंने अभी भी बताया. आज जम्मू-कश्मीर के लाखों लोगों को सपना पूरा हुआ है। जितने अच्छे काम हैं, वो मेरे लिए ही बाकी रहे हैं। इस प्रोजेक्ट ने हमारे कार्यकाल में गति पकड़ी और हमने इसे पूरा करके दिखाया। बीच में कोरोना के कारण अनेक मुसीबत आईं लेकिन हम डटे रहे।"

## खैबर पख्तूनख्वा में सरकारी स्कूल पर बम धमाका

**इस्लामाबाद.**

पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक सरकारी स्कूल पर बम धमाका हुआ। यह धमाका टैंक जिले के अकबरी गांव में स्थित सरकारी स्कूल में हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि स्कूल के कई कमरे तबाह हो गए। स्थानीय पुलिस ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने शुक्रवार तड़के टैंक जिले के गुल इमाम पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अकबरी गांव में विस्फोटकों के जरिए सरकारी स्कूल को उड़ा दिया। अभी तक किसी समूह ने स्कूल पर बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली। एक स्थानीय एनजीओ द्वारा एकत्रित किए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले एक दशक में प्रांत में 450 से अधिक स्कूल को निशाना बनाया गया। जिसका वजह से छात्रों ने या तो स्कूल जाना बंद कर दिया या तो उन्हें तबाह हो चुकी इमारतों या मलबे के पास पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे पहले, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पूर्व मंत्री की अपने ही घर में धमाका होने से मौत हो गई। कहा जा रहा है कि धमाका गैस रिसाव की वजह से हुआ था। बकौल पुलिस, कोहाट जिले में स्थित उनके आवास पर गुरुवार को गैस रिसाव से हुए विस्फोट में पीएमएल-एन के पूर्व सांसद अब्बास खान अफरीदी समेत तीन लोग घायल हो गए थे। हालांकि, इलाज के दौरान शुक्रवार को पूर्व मंत्री की मौत हो गई।

## देश में कोविड मरीज 5 हजार पार



**नई दिल्ली.** देश भर में कोरोना के मामलों में लगाता बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो केवल 15 दिनों में कोविड के सक्रिय मामलों में 20 गुना वृद्धि देखने को मिली है। देश में सक्रिय कोविड मामलों की संख्या 5,000 के पार हो गई है। देश में कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य केरल बना हुआ है। इसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का स्थान है। देश भर में कोरोना के कुल सक्रिय मामले 5,364 हो गए हैं। वहीं, गत 24 घंटों में चार लोगों की जान गई है। जनवरी से अभी तक कोरोना से कुल 55 लोगों की मौत हुई है। देश में लगातार कोरोना के बढ़ते मामलों ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार कोविड-19 के लिए सुविधा-स्तर की तैयारियों की जांच के लिए मॉक ड्रिल आयोजित कर रही है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए देश के सभी राज्यों को ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि अधिकांश मामले हल्के होते हैं और घरेलू देखभाल के तहत उनका प्रबंधन किया जाता है।

## आतंकी तहव्वुर राणा को 9 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली.** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत को बढ़ाकर 9 जुलाई तक कर दिया है। सुरक्षा कारणों के चलते राणा को शुक्रवार को वर्चुअल मोड के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान उसने कोर्ट से अपने परिवार से बात करने की अनुमति मांगी। राणा के वकील ने अदालत में उसके स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता जताई। कोर्ट ने इस पर संज्ञान लेते हुए तिहाड़ जेल प्रशासन को 9 जून तक मेडिकल स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, अदालत 9 जून को राणा की उस याचिका पर भी सुनवाई करेगी जिसमें उसने अपने परिवार से बातचीत करने की अनुमति मांगी है। बता दें कि इससे पहले 24 अप्रैल को विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने तहव्वुर राणा की परिवार से बातचीत की अर्जी को खारिज कर दिया था। याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि राणा अगर परिजनों से बातचीत करता है, तो वह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा कर सकता है।

## एफिल टावर से भी ऊंचा 'चिनाब रेल ब्रिज' तैयार

### पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

**जम्मू.** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार जम्मू कश्मीर के दौरे पर पहुंचे. इस मौके पर उन्होंने दुनिया के सबसे ऊंचे पुल 'चेनाब रेल ब्रिज' को राष्ट्र को समर्पित किया. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंजी ब्रिज और कटरा में 'वंदे भारत ट्रेनों' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. 'चेनाब रेल ब्रिज' के शुरू होने से कश्मीर घाटी देश के दूसरे हिस्सों से सीधे रेल मार्ग से जुड़ गई है. जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बना चिनाब आर्च ब्रिज आखिरकार 22 साल बाद बनकर तैयार हो गया है. बक्कल और कौड़ी के बीच बना यह पुल 2003 में मंजूर हुआ था और 2009 तक पूरा होना था, लेकिन इसको बनाने में दो दशक से ज्यादा समय लग गया. 1.3 किलोमीटर लंबा यह पुल नदी से 359 मीटर ऊंचा है, जो एफिल टावर से भी 29 मीटर ऊंचा है. 1486 करोड़ रुपये की लागत से बना यह पुल इंजीनियरिंग का अनोखा नमूना माना जा रहा है.

## बांग्लादेश को मिलेगी चुनी हुई नई सरकार

**कोलकाता.** बांग्लादेश में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है. अप्रैल 2026 के पहले सप्ताह में बांग्लादेश में राष्ट्रीय चुनाव होंगे. मालूम हो कि इस समय बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार काम कर रही है. बीते दिनों बांग्लादेश के विभिन्न राजनीतिक दलों ने दिसंबर तक चुनाव कराने की मांग की थी. जिससे यूनुस पर दबाव बढ़ा था. इस बीच शुक्रवार को बांग्लादेश में चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी गई है. मालूम हो कि हाल ही में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि देश में दिसंबर से पहले राष्ट्रीय चुनाव कराना पूरी तरह संभव है, क्योंकि आम सहमति के आधार पर आवश्यक सुधार पूरा करने में एक महीने से भी कम समय लग सकता है.

गोनो अधिकार परिषद द्वारा आयोजित एक चर्चा में स्थानीय मीडिया ने सलाहुद्दीन के हवाले से कहा, "दिसंबर में बहुत देर हो चुकी है. उससे पहले चुनाव कराना संभव है. यदि संवैधानिक संशोधनों से संबंधित प्रस्तावों को छोड़कर सुधार प्रस्तावों को राष्ट्रीय सहमति से स्वीकार कर लिया जाता है, तो उन्हें एक महीने से भी कम समय में लागू किया जा सकता है."

## साईबाबा मंदिर में चढ़ावे की गिनती के दौरान लाखों की चोरी

### शिरडी 30 साल से कार्यरत कर्मी गिरफ्तार, ऐसे खुली चोरी की पोल

**शिरडी.**

शिरडी के साईबाबा मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पण किए गए चढ़ावे की गिनती के दौरान लाखों रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है. मंदिर ट्रस्ट में पिछले 30 साल से कार्यरत स्थायी कर्मी बाळासाहेब नारायण गोंदकर ने यह चोरी की. साईबाबा मंदिर में हर हफ्ते दो बार ट्रस्ट के सैकड़ों कर्मियों की मौजूदगी में दान की गई राशि की गिनती होती है. इस दौरान हर कर्मी की एंट्री और एग्जिट के समय चेकिंग होती है और गिनती हॉल में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं. इसके बावजूद अप्रैल महीने में गोंदकर ने तीन बार 500-500 के नोटों के बंडल चोरी किए. गोंदकर बंडल को गिनती के बाद अपनी पैंट में छुपाता और बाद में नोट गिनने की मशीन के नीचे रख देता था. फिर वह अगली सुबह सफाई करने के बहाने अंदर जाकर बंडल निकाल कर लेता था. मगर एक बार वह बंडल निकाल नहीं पाया और अन्य कर्मियों को वह बंडल मिल गया. इसके बाद ट्रस्ट प्रशासन सतर्क हुआ और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए. सीसीटीवी में गोंदकर नोट चुराते हुए दिखाई दिया. ट्रस्ट ने शिरडी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने बालासाहेब गोंदकर को हिरासत में लेकर राहाता कोर्ट में पेश किया. इस घटना पर डिप्टी एसपी शिरीष वमने ने बताया कि शुरुआती जांच में करीब सवा से डेढ़ लाख रुपये चोरी की बात सामने आई है. स्थानीय लोगों के अनुसार, चोरी लंबे समय से हो रही थी.

## अमरावती मॉल के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग से हड़कंप, एक की मौत

**पंचकूला.** हरियाना के पंचकूला में सरेआम फायरिंग का मामला सामने आया है. गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि दूसरे को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया जा रहा है. मामला पंचकूला के पिंजौर का है, जहां अमरावती मॉल के बाहर ही कुछ बदमाशों ने कार सवार युवकों पर फायरिंग कर दी. इतना ही नहीं, कानून का मजाक उड़ाने वाले हमलावरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर हमले की जिम्मेदारी भी ली है. इन बदमाशों में से एक का नाम पीयूष पिपलानी है. उसके साथ एक और आरोपी भी शामिल है. आरोपियों ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के कहने पर यह हमला करने का दावा किया है. ऐसे में पुलिस अब इस एंगल से भी जांच शुरू कर दी है और वीडियो में दिख रहे आरोपियों को ढूंढने में लगी है. पंचकूला पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता ने जानकारी दी है कि जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसकी सत्यता की जांच की जा रही है.

दरअसल, गुरुवार को तीन लड़कियां और दो युवक अमरावती मॉल में फिल्म देखने गए थे. शो खत्म होने के बाद जब वह लोग गाड़ी में बैठने लगे, तभी उनपर फायरिंग कर दी गई, जिसमें एक की मौत हो गई है और दूसरा गंभीर घायल है. अब हमलावरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर हत्या की जिम्मेदारी ली है. मृतक की पहचान सोनू लौलटा के रूप में हुई है, जो पिंजौर का ही रहने वाला था.

# ईद को लेकर नोएडा पुलिस अलर्ट

### विरोध-प्रदर्शन, भीड़ और अफवाहों पर सख्त प्रतिबंध

**नोएडा.**

बकरा ईद (ईद-उल-अजहा) के मद्देनज़र गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) पुलिस प्रशासन सतर्क मोड पर आ चुका है। आगामी त्योहार को देखते हुए शांति, कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में तीन दिन के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है। यह आदेश 13 जून से 15 जून तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन, रैली, सार्वजनिक सभा, या भीड़ इकट्ठा करने की अनुमति नहीं होगी। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि बकरा ईद के दौरान कुर्बानी के कार्यक्रम, भीड़-भाड़ वाले आयोजन, सोशल मीडिया पर बढ़ती अफवाहें और विभिन्न समुदायों के बीच तनाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह फैसला एहतियातन लिया गया है। यह आदेश पूरे नोएडा, ग्रेटर नोएडा और अन्य शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में समान रूप से लागू रहेगा। भारतीय दंड संहिता की धारा 144 के तहत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर चार या उससे अधिक व्यक्तियों के एक साथ एकत्र होने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

यह कानून आमतौर पर तब लागू किया जाता है जब किसी क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना होती है, जैसे कि सांप्रदायिक तनाव, त्योहारों के दौरान विवाद, या राजनीतिक अस्थिरता। इस धारा के लागू होने के दौरान पुलिस के पास यह अधिकार होता है कि वह भीड़ को तितर-बितर कर सके और आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सके। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह और जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे धैर्य और संयम बनाए रखें। बकरी ईद को शांति और भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। प्रशासन ने कहा है कि कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. बकरा ईद एक महत्वपूर्ण इस्लामी त्योहार है जो बलिदान, एकजुटता और सामाजिक भाईचारे का प्रतीक है।

**आदेश के मुख्य बिंदु:** 1. सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ पर प्रतिबंध: चार या उससे अधिक लोग एक जगह इकट्ठा नहीं हो सकते। 2. बिना अनुमति धार्मिक आयोजन पर रोक: मस्जिदों, ईदगाह या खुले मैदानों में नमाज के लिए पूर्वानुमति अनिवार्य होगी। 3. विरोध-प्रदर्शन प्रतिबंधित: किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस या प्रदर्शन की सख्त मनाही है। 4. सोशल मीडिया की निगरानी: अफवाह, भड़काऊ संदेश, धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले वीडियो या पोस्ट पर नजर रखी जा रही है। 5. हथियारों पर प्रतिबंध: किसी भी प्रकार के घातक हथियार, धारदार चीजें या लाठी लेकर चलने पर प्रतिबंध है। 6. ध्वनि यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित: लाउडस्पीकर, डीजे या उच्च ध्वनि वाले यंत्रों का प्रयोग बिना प्रशासन की अनुमति के नहीं किया जा सकेगा।

# एलन मस्क को भारी पड़ा ट्रंप से उलझना

## >एक ही दिन में डूब गए अरबों रुपये

**नई दिल्ली.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दुनिया के दिग्गज बिजनेस मैन एलन मस्क के बीच विवाद बढ़ गया है. दोनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक दूसरे के आमने-सामने आ गए. इसका खामियाजा मस्क को भुगतना पड़ा. मस्क की नेटवर्थ में गिरावट देखने को मिली है.

साथ ही उनकी कंपनी टेस्ला के शेयर भी एक ही दिन में धड़ाम हो गए. शेयरों में 15 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई. ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ला के मालिक एलन मस्क की नेट वर्थ एक दिन में 33.9 बिलियन डॉलर यानी 29,07,42,33,30,000 रुपये कम हो गई. एलन मस्क की नेटवर्थ कम होकर 335 बिलियन डॉलर हो गई है. मस्क की कंपनी के शेयरों में भी भारी गिरावट देखने को मिली. टेस्ला के शेयर 14.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 284.70 यूएस डॉलर पर आ गए. कंपनी के शेयरों में एक दिन में 47.35 यूएस डॉलर की गिरावट देखी गई.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद से एलन मस्क

### टेस्ला के शेयर हुए धड़ाम

ट्रंप और मस्क के बीच सोशल मीडिया पर जंग भारतीय समयानुसार रात 1-2 बजे के बीच हुई. उस समय पर अमेरिकी बाजारों में ट्रेडिंग हो रही है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेक दिग्गज मस्क बीच शुरू हुई जुबानी जंग का असर टेस्ला के शेयरों में गिरावट देखने को मिली. टेस्ला के शेयर एक दिन में करीब 15 प्रतिशत गिर गए. बाजार बंद होते-होते टेस्ला के शेयर करीब 48 डॉलर की गिरावट के साथ 284.70 डॉलर पर बंद हुए

को सरकार में शामिल किया. दोनों के बीच बात नहीं बनी. मस्क ने सरकार से अलग होने का फैसला किया.

उन्होंने ट्रंप सरकार की ओर से लाए जाने वाले बिग ब्यूटीफुल बिल का विरोध किया, जिसके बाद से ही दोनों के बीच तनातनी हुई. डोनाल्ड ट्रंप ने एक्स पर मस्क के खिलाफ पोस्ट की, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें अभी भी व्हाइट हाउस की याद सता रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि मस्क को ट्रंप डिरेंजमेंट सिंड्रोम हो गया है. इसके बाद मस्क ने भी ट्रंप पर पलटवार किया.

कहा कि मेरे बगैर डोनाल्ड ट्रंप 2024 का राष्ट्रपति चुनाव हार जाते. डेमोक्रेट्स सदन पर कब्जा कर लेते और सीनेट में रिपब्लिकन सिर्फ 51-49 से जीत पाते. उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप को एहसान फरामोश कह डाला.

# आईटी और हेल्थ सेक्टर में निवेश का सुनहरा अवसर

## >डीएसपी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किए दो नए इंडेक्स फंड

**मुंबई.**

डीएसपी म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए दो नए इंडेक्स फंड – डीएसपी निफ्टी आईटी इंडेक्स फंड और डीएसपी निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स फंड लॉन्च किए हैं। इन दोनों फंडों का उद्देश्य रक्षात्मक क्षेत्रों में निवेश का अवसर प्रदान करना है, जो आर्थिक अनिश्चितताओं के दौरान भी बेहतर प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं।आईटी और हेल्थकेयर सेक्टर ने इतिहास में कई संकटों जैसे वैश्विक वित्तीय मंदी (2008) और कोविड-19 महामारी (2020) के दौरान भी स्थिर प्रदर्शन किया है। निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी आईटी सूचकांक ने निफ्टी 500 की तुलना में बेहतर वापसी की थी। यही कारण है कि डीएसपी इन क्षेत्रों को स्थिर रिटर्न का माध्यम मानकर पेश कर रहा है।

डीएसपी म्यूचुअल फंड के सीएफए और पैसिव इन्वेस्टमेंट्स के प्रमुख अनिल घेलानी ने कहा, "ये फंड निवेशकों को ऐसे क्षेत्रों में भाग लेने का संतुलित दृष्टिकोण देते हैं जो विकास के साथ-साथ लचीलापन भी प्रदान करते हैं। मौजूदा बाजार अनिश्चितता में इनका प्रदर्शन स्थिर रहने की संभावना है।"

इसी क्रम में डीएसपी के पैसिव फंड्स बिजनेस हेड गुरजीत कालरा ने बताया कि आईटी और हेल्थ जैसे "कम बीटा" वाले क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश से पोर्टफोलियो को अधिक स्थिरता और बेहतर दीर्घकालिक रिटर्न मिल सकता है। दोनों फंड 2 जून से 16 जून 2025 तक निवेश के लिए खुले रहेंगे। डीएसपी म्यूचुअल फंड का मानना है कि इन क्षेत्रों में वैश्विक राजस्व हिस्सेदारी अधिक होने के कारण यह घरेलू आर्थिक चक्रों से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होते हैं – निफ्टी आईटी में 96% और निफ्टी हेल्थकेयर में 52% राजस्व विदेशी बाजारों से आता है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पर्यावरण माह की शुरुआत की

**बेंगलुरु.**

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने पर्यावरण माह 2025 की भव्य शुरुआत की, जिसका उद्देश्य स्थायित्व और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस वर्ष की थीम "सतत संसाधन प्रबंध अभियान" है, जो टोयोटा की वैश्विक पर्यावरण चुनौती 2050 और टोयोटा ग्लोबल विज़न 2050 के लक्ष्यों के अनुरूप है।

अभियान का फोकस 'जीरो-बेस थिंकिंग' पर है, जिसके तहत संसाधनों का मूल्यांकन जमीनी स्तर से कर उन्हें केवल तब बनाए रखा जाता है जब वे वास्तविक मूल्य में योगदान करते हैं। इस सोच के जरिए रेफुज, रियूज, रीसायकल और रिड्यूस (4आर ) सिद्धांतों को मजबूती दी जा रही है।

'ग्रीन @ 25' के तहत प्रमुख उपलब्धियां:100% अक्षय ऊर्जा का उपयोग कर विनिर्माण में शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में प्रगति। 89.3% जल पुनर्चक्रण, जिसमें रीसाइक्लिंग और वर्षा जल संग्रहण शामिल। 96% अपशिष्ट पुनर्चक्रण, संयंत्रों में प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से। 42,000 से अधिक लोगों तक पहुंच वाला 'इकोज़ोन' शिक्षण केंद्र, जिसमें 17 शैक्षिक थीम पार्क शामिल हैं।

साप्ताहिक कार्यक्रमों की मुख्य झलक: ग्रीन एक्सपो: टीटीटीआई के छात्र पर्यावरणीय मॉडल प्रदर्शित करेंगे। कचरे से धन: स्कूली छात्र रचनात्मक पुनर्चक्रण सामग्रियों की पहल प्रस्तुत करेंगे।

हरित प्रदर्शनी: पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों और जीवनशैली पर आधारित प्रदर्शनियां। टीकेएम के कार्यकारी उपाध्यक्ष और निदेशक (विनिर्माण) बी. पद्मनाभ ने कहा,

"पर्यावरण संरक्षण टीकेएम के डीएनए में है। पर्यावरण माह हमारे लिए सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि एक सतत आंदोलन है। 'शून्य आधार सोच' के जरिये हम केवल सुधार नहीं, बल्कि परिवर्तनकारी स्थायित्व समाधान अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टीकेएम का "सस्टेनेबल हब 2025" इस पूरे माह को नेतृत्व प्रदान करेगा, जहां सीखने, नवाचार और सहभागिता को प्राथमिकता दी जाएगी।

# रेपो रेट में कटौती से सस्ती होंगी लोन ईएमआई

**नई दिल्ली.**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी 6 जून 2025 को बैठक के बाद एक बड़ा फैसला सुनाया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ऐलान किया कि रेपो रेट में 50 बेसिस पॉइंट (0.5%) की कटौती की गई है, जिसके बाद रेपो रेट 6% से घटकर 5.5% हो गया है। यह 2025 में तीसरी बार रेपो रेट में कटौती है, जिससे होम लोन, ऑटो लोन और अन्य कर्ज की ईएमआई में कमी आने की उम्मीद है।

आरबीआई की यह कटौती कम होती महंगाई और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की रणनीति का हिस्सा है। अप्रैल 2025 में खुदरा महंगाई दर 3.16% के छह साल के निचले स्तर पर थी, जो आरबीआई के 4% के लक्ष्य से काफी नीचे है।

इसके साथ ही, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और मंदी की आशंकाओं के बीच आरबीआई ने अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए यह कदम उठाया। सस्ते होंगे लोन: रेपो रेट में कटौती से बैंकों के लिए आरबीआई से कर्ज लेना सस्ता होगा, जिसका फायदा ग्राहकों को सस्ते होम, ऑटो और पर्सनल लोन के रूप में मिल सकता है।

ईएमआई में राहत: जिन लोगों ने फ्लोटिंग रेट पर लोन लिया है, उनकी ईएमआई में कमी आ सकती है।

आर्थिक विकास को बढ़ावा: सस्ते कर्ज से कारोबार और उपभोक्ता खर्च बढ़ेगा, जिससे एमएसएइ , रियल एस्टेट और ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टरों को फायदा होगा।

# बिस्कुट के लिए संघर्ष



## > 5 रुपये का बिस्कुट 2400 में खरीदा

**नई दिल्ली.**

पारले जी सिर्फ एक बिस्कुट नहीं है, बल्कि एक नॉस्टेलजिया है। भारत के घर-घर में पाई जाने वाली 5 रुपए वाली पारले जी बिस्कुट की एक पैकेट की कीमत गाजा (फिलिस्तीन) में आसमान छू रही है। गाजा में खाद्य संकट के कारण पारले जी की कीमत 24 यूरो (लगभग 2400) रुपए पहुंच गई है। यह जानकारी गाजा में रहने वाले एक व्यक्ति ने साझा की है। मोहम्मद जावेद नाम के शख्स ने ट्विटर पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मुझे राफिफ के लिए उसका पसंदीदा बिस्कुट मिल गया। इसकी कीमत 1.5 यूरो से बढ़कर 24 यूरो पहुंच गई, लेकिन मैं राफिफ को उसका पसंदीदा बिस्कुट देने से मना नहीं कर सका।

मोहम्मद जावेद का वीडियो वायरल होने के बाद भारतीय लोगों ने पारले कंपनी और भारत सरकार से अपील की है। एक यूजर ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर को लिखा कि वह बच्चा भारत का पसंदीदा बिस्कुट खा रहा है। मैं जानता हूं कि भारत हमास-इजयराल युद्ध में तटस्थ है, लेकिन क्या हम फिलिस्तीनी नागरिकों को और पारले जी भेज सकते हैं? ये ग्लूकोज बिस्किट हैं। इससे नागरिक आबादी को राहत मिलेगी। कालाबाजारी के कारण गाजा में रहने वाले फिलिस्तीनी नागरिकों को खाद्यान संकट का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि दूसरे देशों से गाजा में खाद्य पदार्थ मुख्य रूप से मानवीय सहायता के रूप में भेजे जाते हैं। यह आमतौर पर मुफ्त होते हैं, लेकिन गाजा में रहने वाले कुछ लोग तक ही ये सामान पहुंच पाते हैं। जिसके कारण कालाबाजारी बढ़ती है।

पारले बिस्कुट ने वित्त वर्ष 2024-25 में मुनाफे में दोगुनी वृद्धि दर्ज की। कंपनी का मुनाफा 1606.95 करोड़ रुपये हुआ। राजस्व प्रतिशत बढ़कर 14,349.4 करोड़ रुपये हो गया, वित्त वर्ष 24 में कुल राजस्व 5.31 प्रतिशत बढ़कर 15,085.76 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने बिस्कुट के प्रचार में करीब 442 करोड़ रुपए खर्च किए।

# सस्ती होंगी खाने-पीने की चीजें

## > आरबीआई ने जताया ये अनुमान

**नई दिल्ली.**

वैश्विक स्तर पर अस्थिर हालातों के बीच भारत दुनिया की सबसे तेजी से ग्रोथ करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है. इस लक्ष्य को फोकस में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जब मौद्रिक नीति समिति की बैठक के फैसलों की जानकारी दी, तो देश में महंगाई के और नीचे आने, साथ ही डोमेस्टिक जीडीपी ग्रोथ को मजबूत बनाने का अनुमान जताया.

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपने बयान में कहा कि नीति के तौर पर कीमत नियंत्रण और जीडीपी ग्रोथ के बीच कोई टसल नहीं. मानसून की स्थिति इस साल ठीक रहने का अनुमान है, जिससे कीमतें नियंत्रण में रहेंगी. वहीं वैश्विक हालात नाजुक हैं, इसलिए डोमेस्टिक जीडीपी ग्रोथ पर भी फोकस बना हुआ है. भारत में राजनीतिक स्थिरता के साथ-साथ प्राइस और ग्रोथ स्टेबिलिटी बनी हुई है.

गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, "काफी तेजी से रेपो दर में एक प्रतिशत

की कटौती के बाद अब मौद्रिक नीति में ग्रोथ को सपोर्ट करने सीमित गुंजाइश है. वैश्विक स्तर पर कमजोर इकोनॉमिक आउटलुक के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है ये निवेशकों को अपार अवसर प्रदान करती है. देश में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भले गिरावट आई है, इसके बावजूद भारत आकर्षक गंतव्य बना हुआ है. देश का विदेशी मुद्रा भंडार 691.5 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पीर है, जो 11 महीने से अधिक की आयात की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है."

इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में चालू खाते का घाटा (कैड) कम रहा है. वहीं बैंको के नकद आरक्षित अनुपात को एक प्रतिशत घटाने का फैसला किया गया है. इससे बैंकों के पास 2.5 लाख करोड़ रुपये की नकदी बढ़ेगी, जो ग्रोथ बढ़ाने के काम आएगी.

महंगाई के नीचे आने और ग्रोथ के बने रहने के असर को देखते हुए ही आरबीआई ने जून की मौद्रिक नीति का ऐलान करते हुए रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती कर दी. रेपो रेट में ये लगातार तीसरी कटौती है और ये अब 5.5 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है.इससे पहले फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान भी रेपो रेट में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी और इसे 6.50 प्रतिशत से 6 प्रतिशत पर लाया गया था.

# अदाणी एयरपोर्ट्स ने जुटाए 750 मिलियन डॉलर

**अहमदाबाद.**

भारत के सबसे बड़े निजी हवाई अड्डा ऑपरेटर अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड ने अपने विस्तार और सुधार योजनाओं को गति देने के लिए 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वैश्विक फंडिंग जुटाई है। यह फंड अंतरराष्ट्रीय बैंकों के समूह से ईसीबी के माध्यम से प्राप्त किया गया है। इस सौदे का नेतृत्व फर्स्ट अबू धाबी बैंक, बार्कलेज पीएलसी और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने किया।

एएएचएल इस फंडिंग का उपयोग दो प्रमुख उद्देश्यों के लिए करेगा:400 मिलियन डॉलर के पुराने कर्ज का पुनर्भुगतान अहमदाबाद, लखनऊ, जयपुर, मंगलुरु, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट्स में इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं का विकास साथ ही, रिटेल, फूड एंड बेवरेज, ड्यूटी फ्री और अन्य नॉन-एविएशन बिजनेस को भी मजबूती दी जाएगी ताकि यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव मिल सके।

यात्रियों की संख्या में तेजी से वृद्धि एफवाय 2024-25 में एएएचएल ने 94 मिलियन यात्रियों को सेवा दी, जबकि कुल क्षमता 110 मिलियन यात्रियों की है। कंपनी का लक्ष्य 2040 तक इसे 300 मिलियन यात्रियों तक बढ़ाना है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण पहल नवी मुंबई इंटरनेशनल

एयरपोर्ट का विकास है, जिसका पहला चरण जल्द ही चालू होगा।

सीईओ का बयान अरुण बंसल, सीईओ एएएचएल ने कहा: "दुनिया की अग्रणी वित्तीय संस्थाओं का हम पर भरोसा दिखाना भारत के एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर की संभावनाओं का प्रमाण है। हम तकनीक, स्थायित्व और यात्रियों के अनुभव को प्राथमिकता देते हुए विश्वस्तरीय एयरपोर्ट संरचना बना रहे हैं।"

इस फाइनेंशियल डील में लैथम एंड वॉटकिंस एलएलपी, लिंक्लेटर्स एलएलपी, सिरिल अमरचंद मंगलदास, और टीटी एंड ए ने कानूनी सलाहकार की भूमिका निभाई।

# एक्वस लिमिटेड ने आईपीओ के लिए दाखिल किया प्रस्ताव

## > $200 मिलियन जुटाने की तैयारी

**मुंबई.**

एयरोस्पेस और इंजीनियरिंग समाधान क्षेत्र में सक्रिय कंपनी एक्वस लिमिटेड ने भारतीय शेयर बाजार नियामक सेबी और स्टॉक एक्सचेंजों के पास आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक पेशकश) के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस गोपनीय रूप से दाखिल किया है।

यह कदम कंपनी को एक प्राइवेट लिमिटेड से पब्लिक लिमिटेड कंपनी में बदलने की प्रक्रिया का हिस्सा है। सूत्रों के अनुसार, एक्वस लगभग $200 मिलियन का आईपीओ लॉन्च करने की योजना में है, जिसमें इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और ऑफर फॉर सेल दोनों शामिल होंगे।

इस सार्वजनिक पेशकश के लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल, जेएम फाइनेंशियल और आईआईएफएल कैपिटल को बुक रनिंग लीड मैनेजर के तौर पर नियुक्त किया गया है। एक्वस

### भारत से लेकर अमेरिका तक विनिर्माण नेटवर्क

एक्वस के भारत (कर्नाटक), फ्रांस और अमेरिका में विनिर्माण क्लस्टर हैं। भारत में कंपनी बेलगावी, हुबली और कोप्पल में यूनिट्स संचालित करती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्वस, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, मदरसन ग्रुप और जाबिल के साथ मिलकर अब एप्पल के उत्पादों के लिए मैकेनिकल कंपोनेंट्स का उत्पादन भी कर रही है।

को अब तक 586 करोड़ रुपये की बाहरी फंडिंग मिल चुकी है, जिसमें निवेश एमिकस कैपिटल, अमांसा कैपिटल, स्टीडव्यू कैपिटल, कैटामारन वेंचर्स, और स्पार्टा ग्रुप जैसे प्रतिष्ठित निवेशकों ने किया है। यह राशि मुख्य रूप से कंपनी के विस्तार और संचालन के लिए प्रयोग में लाई जा रही है।

वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की कुल आय लगभग 988 करोड़ रही, और ऑपरेशनल रेवेन्यू 970 करोड़ तक पहुंच गया।

केयरएज रेटिंग्स का मानना है कि एयरोस्पेस सेगमेंट में बढ़ते ऑर्डर और पूंजीगत परियोजनाओं की सफलता के चलते एक्वस का राजस्व निकट भविष्य में 45% सीएजीआर से बढ़ सकता है।


महाराष्ट्र वैभवलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दर शुक्रवारी — तिकीट किंमत रु. 50/- — सोडत क्र. 23 — सोडत दिनांक 06/06/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — VL-08 : 2472 — अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई (प्रिन्स एजन्सी - मुंबई यांचा मार्फत)

उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 2472 — रॉयल एजन्सी - आंकली

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 2014 | 2175 | 3067 | 4330 | 5353 | 5873 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2002 | 2172 | 3578 | 4376 | 4962 | 6313 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1461 | 2226 | 6437 | 6598 | 6703 | 6738 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 1821 | 2635 | 2915 | 3430 | 4540 | 4919 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1791 | 2228 | 2818 | 3160 | 3463 | 3932 | 4450 | 4927 | 5269 | 5714 | 6050 | 6569 |
| | | 1797 | 2232 | 2828 | 3163 | 3479 | 3935 | 4456 | 4928 | 5270 | 5727 | 6056 | 6595 |
| 1011 | 1263 | 1801 | 2238 | 2829 | 3170 | 3485 | 3938 | 4476 | 4935 | 5317 | 5729 | 6062 | 6603 |
| 1014 | 1280 | 1804 | 2240 | 2836 | 3178 | 3503 | 3979 | 4477 | 4940 | 5356 | 5734 | 6063 | 6609 |
| 1016 | 1331 | 1825 | 2244 | 2842 | 3196 | 3515 | 3991 | 4479 | 4941 | 5378 | 5738 | 6066 | 6611 |
| 1020 | 1338 | 1830 | 2253 | 2848 | 3199 | 3531 | 4007 | 4486 | 4945 | 5385 | 5745 | 6076 | 6621 |
| 1025 | 1351 | 1833 | 2257 | 2852 | 3223 | 3533 | 4041 | 4504 | 4949 | 5406 | 5756 | 6106 | 6630 |
| 1028 | 1360 | 1835 | 2264 | 2900 | 3230 | 3591 | 4046 | 4539 | 4964 | 5420 | 5776 | 6169 | 6633 |
| 1030 | 1377 | 1839 | 2272 | 2901 | 3231 | 3598 | 4058 | 4543 | 4966 | 5457 | 5781 | 6184 | 6637 |
| 1058 | 1381 | 1851 | 2279 | 2902 | 3232 | 3634 | 4094 | 4549 | 4970 | 5477 | 5790 | 6199 | 6647 |
| 1071 | 1398 | 1882 | 2290 | 2912 | 3245 | 3637 | 4104 | 4553 | 4980 | 5500 | 5795 | 6200 | 6649 |
| 1076 | 1411 | 1883 | 2313 | 2922 | 3254 | 3644 | 4148 | 4560 | 4991 | 5503 | 5801 | 6270 | 6658 |
| 1089 | 1421 | 1887 | 2346 | 2925 | 3259 | 3645 | 4154 | 4561 | 4994 | 5504 | 5808 | 6278 | 6662 |
| 1093 | 1426 | 1891 | 2420 | 2928 | 3263 | 3662 | 4160 | 4579 | 4996 | 5507 | 5809 | 6286 | 6676 |
| 1095 | 1442 | 1908 | 2423 | 2931 | 3277 | 3677 | 4161 | 4594 | 5005 | 5508 | 5810 | 6294 | 6677 |
| 1099 | 1472 | 1911 | 2426 | 2949 | 3287 | 3690 | 4177 | 4602 | 5015 | 5512 | 5850 | 6296 | 6683 |
| 1101 | 1482 | 1934 | 2429 | 2958 | 3311 | 3703 | 4219 | 4618 | 5028 | 5518 | 5855 | 6311 | 6684 |
| 1114 | 1491 | 1959 | 2438 | 2965 | 3316 | 3758 | 4255 | 4649 | 5035 | 5537 | 5857 | 6320 | 6687 |
| 1115 | 1523 | 1966 | 2454 | 2972 | 3322 | 3763 | 4266 | 4684 | 5050 | 5541 | 5864 | 6363 | 6694 |
| 1116 | 1527 | 1980 | 2518 | 2973 | 3326 | 3773 | 4277 | 4686 | 5055 | 5551 | 5880 | 6364 | 6704 |
| 1118 | 1532 | 2002 | 2527 | 2980 | 3328 | 3793 | 4311 | 4688 | 5058 | 5553 | 5890 | 6368 | 6706 |
| 1120 | 1536 | 2010 | 2576 | 2982 | 3335 | 3798 | 4328 | 4693 | 5072 | 5558 | 5905 | 6379 | 6761 |
| 1140 | 1560 | 2088 | 2621 | 2992 | 3353 | 3799 | 4347 | 4699 | 5089 | 5566 | 5908 | 6383 | 6762 |
| 1148 | 1587 | 2121 | 2635 | 3005 | 3354 | 3804 | 4352 | 4723 | 5096 | 5572 | 5949 | 6398 | 6796 |
| 1150 | 1591 | 2124 | 2644 | 3008 | 3363 | 3808 | 4381 | 4724 | 5098 | 5573 | 5975 | 6449 | 6809 |
| 1151 | 1603 | 2126 | 2645 | 3020 | 3364 | 3833 | 4388 | 4740 | 5110 | 5581 | 5977 | 6456 | 6851 |
| 1155 | 1610 | 2140 | 2672 | 3028 | 3367 | 3837 | 4401 | 4751 | 5117 | 5590 | 5982 | 6462 | 6866 |
| 1158 | 1708 | 2147 | 2712 | 3035 | 3395 | 3839 | 4410 | 4798 | 5127 | 5592 | 5985 | 6463 | 6878 |
| 1177 | 1714 | 2152 | 2728 | 3069 | 3398 | 3843 | 4412 | 4834 | 5129 | 5594 | 5988 | 6468 | 6886 |
| 1179 | 1716 | 2191 | 2729 | 3071 | 3399 | 3859 | 4413 | 4840 | 5148 | 5615 | 5989 | 6486 | 6900 |
| 1195 | 1723 | 2200 | 2735 | 3088 | 3403 | 3871 | 4424 | 4854 | 5155 | 5628 | 6006 | 6499 | 6928 |
| 1198 | 1746 | 2205 | 2742 | 3132 | 3413 | 3877 | 4426 | 4888 | 5219 | 5638 | 6007 | 6504 | 6941 |
| 1208 | 1767 | 2207 | 2748 | 3139 | 3423 | 3884 | 4434 | 4904 | 5256 | 5650 | 6016 | 6505 | 6959 |
| 1211 | 1770 | 2217 | 2775 | 3143 | 3443 | 3910 | 4437 | 4907 | 5257 | 5654 | 6017 | 6507 | 6963 |
| 1219 | 1772 | 2219 | 2796 | 3152 | 3453 | 3919 | 4442 | 4908 | 5259 | 5655 | 6031 | 6557 | 6976 |
| 1253 | 1783 | 2221 | 2797 | 3157 | 3459 | 3923 | 4444 | 4921 | 5268 | 5685 | 6044 | 6565 | 6987 |

महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 20/06/2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर ₹50 लाख (रु. 25 लाखाची 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे) — तिसरे बक्षिस ₹5 लाख (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे) — 200/-

वैभवलक्ष्मी सोडत दिनांक 06/06/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल — गणेशलक्ष्मी धन विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 5:00

सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 23 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 06/06/2025

पहिले बक्षिस रु. 10000/- — MG-07 : 6569

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 7951 — प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण

तिसरे बक्षिस रु. 1000/- — 2107 — 2457 — 4268 (चिराग एन्टरप्रायझेस, नाशिक) — 4955 (अंबिका एजन्सी, दादर, मुंबई) — 6377 (महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर)

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 400/- | 1281 | 2238 | 3016 | 3934 | 5403 | 5845 | 6671 | 7740 |
| 1005 | 1399 | 2282 | 3236 | 4044 | 5497 | 5881 | 6681 | 7880 |
| 1010 | 1667 | 2316 | 3259 | 4270 | 5542 | 5922 | 6769 | 8189 |
| 1032 | 1789 | 2542 | 3260 | 4274 | 5543 | 6009 | 6800 | 8289 |
| 1121 | 1961 | 2726 | 3357 | 4440 | 5572 | 6251 | 6880 | 8423 |
| 1151 | 2020 | 2758 | 3471 | 4594 | 5583 | 6541 | 7049 | 8668 |
| 1197 | 2172 | 2812 | 3584 | 4733 | 5598 | 6654 | 7237 | 8752 |
| 1205 | 2211 | 2962 | 3881 | 4947 | 5652 | 6662 | 7351 | 8805 |
| 1211 | 2225 | 2994 | 3906 | 5157 | 5807 | 6666 | 7543 | 8863 |

महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी मान्सून मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 13-06-2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर ₹22 लाख — दुसरे बक्षीस ₹3 लाख (₹10 हजाराची 30 बक्षिसे) — तिसरे बक्षीस ₹5 लाख (₹5 हजाराची 100 बक्षिसे)

गणेशलक्ष्मी धन विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 06/06/2025 — प्रस्तुतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री — राजलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 23 • तिकिट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 06/06/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — SR-01 : 4425

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 2313 — हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 2278 (पवार लॉटरी - ठाणे) — 4584 — 5996

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1153 | 1719 | 3129 | 3605 | 4849 |
| 1318 | 1725 | 3336 | 3891 | 5075 |
| 1337 | 2437 | 3372 | 4011 | 5195 |
| 1369 | 2519 | 3387 | 4053 | 5533 |
| 1418 | 2584 | 3388 | 4123 | 5699 |
| 1510 | 2697 | 3396 | 4444 | 5719 |
| 1571 | 2928 | 3487 | 4472 | 5758 |
| 1596 | 3123 | 3545 | 4568 | 5777 |

महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.50/- — सोडत दिनांक 09-06-2025 — जिंका फक्त 5 अंकावर रु. 22 लाख (रु. 11 लाखाची x 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस रु. 2 लाख (रु. 10 हजाराची x 20 बक्षिसे) — सातवे बक्षिस रु. 12 लाख

छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

महाराष्ट्र सह्याद्री राजलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 06/06/2025

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 23 • तिकिट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 06/06/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 1145 (हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा) | 8823 | 0686 (किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली) | 2795 | 9542 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 8624 — 8793

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 0104 (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई) — 0203 (महाराजा असोसिएट्स, इचलकरंजी) — 2161 — 7185 — 8207

चौथे बक्षिस रु. 1000/- — 2468 2539 3897 4139 4244 4995 4996 5064 5653 9502

पाचवे बक्षिस रु. 500/- — 1471 3751 4258 4811 4878 5810 6277 7760 9030 9901

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 300/- | 0566 | 1348 | 2140 | 3047 | 4441 | 5219 | 6550 | 7349 | 8261 | 8869 |
| | 0609 | 1412 | 2180 | 3269 | 4444 | 5335 | 6615 | 7397 | 8336 | 8894 |
| 0002 | 0666 | 1431 | 2223 | 3273 | 4457 | 5351 | 6706 | 7473 | 8388 | 8968 |
| 0008 | 0807 | 1500 | 2225 | 3321 | 4465 | 5369 | 6805 | 7477 | 8451 | 9279 |
| 0022 | 0878 | 1509 | 2242 | 3345 | 4478 | 5395 | 6845 | 7515 | 8509 | 9290 |
| 0030 | 0925 | 1511 | 2263 | 3370 | 4523 | 5451 | 6865 | 7531 | 8558 | 9301 |
| 0031 | 0956 | 1722 | 2309 | 3383 | 4648 | 5453 | 6878 | 7576 | 8580 | 9336 |
| 0098 | 1014 | 1747 | 2364 | 3385 | 4663 | 5501 | 6926 | 7659 | 8588 | 9357 |
| 0120 | 1023 | 1756 | 2366 | 3441 | 4732 | 5502 | 6956 | 7665 | 8603 | 9363 |
| 0231 | 1061 | 1784 | 2461 | 3638 | 4744 | 5535 | 6987 | 7712 | 8627 | 9519 |
| 0257 | 1082 | 1788 | 2468 | 3833 | 4767 | 5542 | 7007 | 7747 | 8633 | 9677 |
| 0270 | 1103 | 1791 | 2564 | 3864 | 4774 | 5557 | 7027 | 7776 | 8802 | 9709 |
| 0290 | 1126 | 1809 | 2629 | 3891 | 4782 | 5739 | 7037 | 7791 | 8818 | 9793 |
| 0337 | 1153 | 1836 | 2636 | 4067 | 4856 | 5748 | 7112 | 7796 | 8824 | 9883 |
| 0414 | 1174 | 1905 | 2661 | 4086 | 4994 | 5951 | 7183 | 7841 | 8835 | 9897 |
| 0452 | 1179 | 1936 | 2662 | 4191 | 5035 | 6093 | 7190 | 7927 | 8842 | 9909 |
| 0500 | 1271 | 1955 | 2727 | 4406 | 5097 | 6365 | 7230 | 7936 | 8852 | 9956 |
| 0520 | 1289 | 2001 | 2851 | 4412 | 5126 | 6400 | 7259 | 8125 | 8854 | 9963 |
| 0539 | 1291 | 2033 | 2950 | 4425 | 5155 | 6465 | 7267 | 8189 | 8861 | 9978 |

महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.50/- — सोडत दिनांक 09-06-2025 — जिंका फक्त 5 अंकावर रु. 22 लाख (रु. 11 लाखाची x 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस रु. 2 लाख (रु. 10 हजाराची x 20 बक्षिसे) — सातवे बक्षिस रु. 12 लाख

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 06/06/2025 — प्रस्तुतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah



१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# हिंदी अनिवार्यता पर सरकार को कड़ी चेतावनी

## > राज ठाकरे ने उठाए सवाल

**मुंबई.**

महाराष्ट्र में पिछले कुछ महीनों से स्कूली शिक्षा में हिंदी की अनिवार्यता को लेकर काफी असमंजस बना हुआ है. इसी बीच बुधवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने राज्य शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे से एक लिखित आदेश जारी करने की अपील की. जिसमें उन्होंने कहा कि पहली कक्षा से केवल दो भाषाएं मराठी और अंग्रेजी भाषा अनिवार्य हो जबकि हिंदी भाषा को वैकल्पिक भाषा के रूप में रखा जाए.

दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने अप्रैल महीने में सभी मराठी और अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में कक्षा 1 से 5वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ना अनिवार्य किया था.

इस निर्णय का एमएनएस समेत कई पार्टियों ने विरोध किया था. विरोध करने के बाद सरकार ने इस फैसले पर रोक लगा दी थी. एमएनएस प्रमुख ने कहा कि मुझे सूचना मिली है कि हिंदी समेत तीनों भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों की छपाई शुरू हो गई है.

उन्होंने कहा कि अगर हिंदी भाषा में पुस्तकों की छपाई शुरू हो चुकी है, तो मुझे नहीं लगता कि सरकार अपने फैसले पर विचार कर रही है. उन्होंने महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ और हिंदी की अनिवार्यता को लेकर फिर से पुनर्विचार किया, तो पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन करेगी और इसकी जिम्मेदार सरकार होगी.

ठाकरे ने कहा कि कई राज्यों ने हिंदी भाषा को अपनाने से इंकार कर दिया. क्योंकि उनकी स्थानीय भाषा ही उनकी पहचान है. उन्होंने राज्य शिक्षा मंत्री भूसे से कहा कि आप तो जन्म से मराठी हैं. आप अन्य नेताओं की तरह कब काम करेंगे?, जो हिंदी भाषा का विरोध करते हैं और अपनी स्थानीय भाषा की रक्षा करते हैं.

इसके आगे उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि राज्य सरकार अन्य राज्यों की तरह ही अपनी स्थानीय भाषा के लिए एक मजबूत भावना दिखाए.

### हिंदी की अनिवार्यता का किया विरोध

दरअसल, शुरुआत में यह घोषणा की गई थी कि कक्षा 1 से 5वीं तक के बच्चों को तीन भाषाएं पढ़ाई जाएगी, जिसमें हिंदी तीसरी अनिवार्य भाषा होगी. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने इसके खिलाफ आवाज उठाई थी और कई लोगों ने उनका समर्थन किया था. जिसके बाद सरकार ने अपने आदेश को वापस ले लिया. इसको लेकर राज ठाकरे ने कहा कि सरकार को मजबूरन अपना फैसला वापस लेना पड़ा क्योंकि यह जनभावना इतनी तीव्र थी कि सरकार के आगे कोई विकल्प नहीं था.

# मुंबई से नागपुर अब 8 घंटे में सफर

**मुंबई.**

राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की महत्वाकांक्षी परियोजना मानी जाने वाली समृद्धि महामार्ग का काम पूरा हो गया है. अब इसके अंतिम चरण का आज उद्घाटन किया जाएगा और विदर्भ, मराठवाड़ा और उत्तर महाराष्ट्र के 24 जिलों के विकास के लिए अहम इगतपुरी से अमाने तक का 76 किलोमीटर लंबा राजमार्ग यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा. इसके बाद मुंबई से नागपुर का सफर अब 8 घंटे में पूरा हो जाएगा. समृद्धि राजमार्ग पर कुल 11 टनल हैं, जिनमें से 5 डबल टनल हैं. इनकी लंबाई 21.46 किलोमीटर है. 76 किलोमीटर लंबे इस चरण में देश की सबसे बड़ी सुरंग बनाई गई है. इसकी कुल लंबाई 11 किलोमीटर है. इसमें से सबसे लंबी और सबसे चौड़ी सुरंग, लगभग 8 किलोमीटर लंबी, इगतपुरी में समृद्धि राजमार्ग पर बनाई गई है.

इस मार्ग पर 32 बड़े पुल हैं. इनमें 84 मीटर की ऊंचाई पर बने पुल शामिल हैं. यातायात के लिहाज से सबसे ऊंचे खंभों पर बने पुल और कुल 32 बड़े पुल, 25 इंटरचेंज और 6 किलोमीटर के ओवरपास बनाए गए हैं.

यह 6 लेन वाला राजमार्ग राज्य के 5 राजस्व संभागों के 10 जिलों के 26 तालुकाओं के 392 गांवों से होकर गुजरेगा. इस तरह 10 जिले सीधे और 14 जिले अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ेंगे. इस राजमार्ग पर इगतपुरी और कसारा में स्थित सुरंगों पर आदिवासी समुदाय की संस्कृति को दर्शाती आकर्षक वारली पेंटिंग बनाई गई हैं.

समृद्धि राजमार्ग पर स्थित सुरंगों पर आदिवासी समुदाय की जीवनशैली, कृषि, पर्यटन जैसे कई विषयों पर कलाकृतियां बनाई गई हैं.

# आतंकी तहव्वुर राणा को नहीं मिली राहत

**मुंबई.**

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत को बढ़ाकर 9 जुलाई तक कर दिया है। सुरक्षा कारणों के चलते राणा को शुक्रवार को वर्चुअल मोड के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान उसने कोर्ट से अपने परिवार से बात करने की अनुमति मांगी।

राणा के वकील ने अदालत में उसके स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता जताई। कोर्ट ने इस पर संज्ञान लेते हुए तिहाड़ जेल प्रशासन

को 9 जून तक मेडिकल स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, अदालत 9 जून को राणा की उस याचिका पर भी सुनवाई करेगी जिसमें उसने अपने परिवार से बातचीत करने की अनुमति मांगी है। बता दें कि इससे पहले 24 अप्रैल को विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने तहव्वुर राणा की परिवार से बातचीत की अर्जी को खारिज कर दिया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि राणा अगर परिजनों से बातचीत करता है, तो वह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा कर सकता है।गौरतलब है कि पाकिस्तानी सेना के मेडिकल कोर के पूर्व अधिकारी तहव्वुर राणा को हाल ही में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया है।

राणा पर 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए भयावह आतंकी हमले की साजिश रचने का आरोप है, जिसमें 166 लोग मारे गए थे और सैकड़ों घायल हुए थे।

# बिहारी दंपति ने बचाई मराठी शख्स की जिंदगी

**मुंबई.**

राज्य की राजनीति में हमने कई बार परप्रांतीय का मुद्दा देखा है, कई बार हिंदी मराठी भाषा का विवाद भी होते देखा है. इसी सब राजनीति से ऊपर मानवता है इसका उदाहरण मुंबई के कांदिवली इलाके में देखने को मिला, जहां एक बिहारी ने मराठी शख्स की जान बचाई वो भी उस समय जब वो एक सड़क हादसे में खून से लतपत दर्द से कराह रहा था.

सुनील डाफले, जो कि मराठी हैं और मुंबई से सटे मीरारोड इलाके में रहते हैं. सुनील पेशे से एक प्राइवेट कंपनी में एक्सेल शीट का काम करते हैं. 29 मई की रात वो अपने पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांदिवली इलाके में आये थे और कार्यक्रम से निकल कर देर रात अपने घर मीरारोड वापस जा रहे थे उसी समय उनकी बाइक स्पीड ब्रेकर पर फिसल गई और उनका भयानक सड़क हादसा हो गया.

सुनील ने बताया कि उनके सर

पर चोट लग गई थी, उनका बहुत ही खून बह रहा था उल्टी हो रही थी और उसी समय वहां से गुजर रहे शख्स ने उनकी जान बचाई. सुनील ने आगे कहा कि एक बाइक पर पति पत्नी सवार थे उनकी पत्नी गर्भवती हैं, इसके बावजूद वो वहां रुके उन्होंने मेरा खून साफ किया मेरी उल्टी साफ की और सीपीआर दिया.

इतना ही नही मुझे लेकर अस्पताल भी गए और मेरे घर वालों को सूचित भी किया. सुनील ने बताया कि, डॉक्टर ने कहा कि खून ज्यादा बह रहा था और ब्लड क्लॉट भी हो सकता था जिससे जान को भी खतरा था. वो पति पत्नी भगवान का रूप लेकर मेरे पास आये और उन्होंने मेरी जान बचाई.

# पाकिस्तान की जासूस है सुनीता?

## >फोन में मिला संदिग्ध सॉफ्टवेयर

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के नागपुर की रहने वाली 43 वर्षीय सुनीता जामगड़े के मोबाइल फोन में कई संदिग्ध एप्लिकेशन मिले हैं, जिन्हें स्पाइवेयर माना जा रहा है। यह खुलासा नागपुर पुलिस ने गुरुवार को किया। अधिकारियों ने इन एप्स के जरिए जासूसी की गतिविधियों की संभावना जताई और उनका विश्लेषण किया जा रहा है। सुनीता को पिछले महीने पाकिस्तान द्वारा वापस भेजे के बाद जासूसी के आरोप में हिरासत में लिया गया है।

गौरतलब है कि सुनीता को मई महीने में पाकिस्तान से भारत वापस भेजा गया था, जिसके बाद उसे जासूसी के संदेह में हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, वह 14 मई को पाकिस्तान में कथित रूप से घुस गई थी। इससे पहले वह नागपुर से 4

मई को अपने 13 वर्षीय बेटे के साथ निकली और कारगिल पहुंची थी। नियंत्रण रेखा पार करने से पहले उसने अपने बेटे को एक होटल में छोड़ दिया था।

सुनीता की पाकिस्तान में घुसपैठ की घटना ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। बताया जा रहा है कि कारगिल के हुंदरमन गांव से वह सीमा पार कर गई थी, जहां पाकिस्तानी सेना ने उसे हिरासत में लिया और बाद में भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सुनीता की पाकिस्तान जाने से पहले दो पाकिस्तानी नागरिकों से बातचीत हुई थी, जिनके नाम जुल्फिकार और पास्टर बताए गए हैं। इन संदिग्ध संपर्कों को लेकर एजेंसियां अब उसके संभावित नेटवर्क और मकसद की जांच कर रही हैं।

इस मामले में पहले अमृतसर पुलिस ने 'जीरो एफआईआर' दर्ज की थी, जिसे अब नागपुर के कपिलनगर थाने में ट्रांसफर किया गया है। मामले की जांच के लिए कारगिल से एक टीम सोमवार रात नागपुर पहुंच चुकी है।

# आईटी इंजीनियर युवती 21वीं मंजिल से कूदी

**पुणे.**

पुणे जिले के हिंजवडी इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां 25 वर्षीय एक आईटी इंजीनियर युवती ने शुक्रवार (31 मई) की तड़के 'द क्राउन ग्रीन' सोसायटी की 21वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान अभिलाषा भाऊसाहेब कोथिम्बिरे के रूप में हुई है, जो पेशे से आईटी इंजीनियर थीं। पुलिस के अनुसार, अभिलाषा ने आत्महत्या से पहले एक सुसाइड नोट लिखा जिसमें उसने लिखा, "सॉरी, मुझे माफ कर देना। मैं यह अपनी मर्जी से कर रही हूं। अब जीने की इच्छा नहीं बची है।" यह सुसाइड नोट उसके कमरे से मिला। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें अभिलाषा सुबह 4:42 बजे इमारत की लिफ्ट में चढ़ती नजर आती है। वह बेहद शांत दिखाई दे रही थी। लिफ्ट से उपरी मंजिल पर पहुंचने के बाद वह बाहर निकल गई और कुछ ही देर में उसने छलांग लगा दी। पुलिस ने अभिलाषा की रूम की तलाशी ली, जहां से सुसाइड नोट, खून लगे नैपकिन, इनरवियर, तकिए का कवर और उसका मोबाइल फोन बरामद हुआ है। उसके शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया जिसमें कई आंतरिक अंगों को गंभीर चोटें लगने की पुष्टि हुई है।

# बीएमसी कॉन्ट्रैक्टर जोशी को ईडी ने किया गिरफ्तार

**मुंबई.**

मुंबई में प्रवर्तन निदेशालय ने बृहन्मुंबई नगर निगम के कॉन्ट्रैक्टर जय जोशी के खिलाफ लिया बड़ा एक्शन. कांदिवली की आईबीआइएस सोसाइटी में फ्लैट नंबर 2702 और 2703 में ईडी ने करीब साढ़े 10 घंटे तक छापेमारी की. इस दौरान वहां पांच ईडी अधिकारी मौजूद थे, जो अपने साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स लेकर गए. छापेमारी के बाद जय जोशी को ईडी ने हिरासत में ले लिया.

जय जोशी पर मीठी नदी सफाई घोटाले में करोड़ों रुपये की हेराफेरी का गंभीर आरोप है. इस मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने पहले ही जय जोशी को गिरफ्तार किया था. हाल ही में ईओडब्लू कोर्ट से जय जोशी को जमानत मिली थी, लेकिन उसी इनपुट के आधार पर ईडी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यह छापेमारी की. सूत्रों के अनुसार ईडी को इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े कई अहम सबूत मिले हैं, जिसके आधार पर आगे की जांच चल रही है.

मीठी नदी की सफाई के नाम पर हुए इस घोटाले में करोड़ों रुपये की अनियमितताएं सामने आई हैं. आरोप है कि जय जोशी ने बीएमसी के साथ मिलकर फर्जी बिलिंग और गलत तरीके से फंड का इस्तेमाल किया. ईओडब्लू की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए थे, जिसके बाद ईडी ने इस मामले को गंभीरता से लिया. ईडी अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस घोटाले से मिले पैसे का इस्तेमाल कहां और कैसे किया गया है.

### जोशी केवल एक 'मशीन सप्लायर' हैं: वकील

**ईडी अब जय जोशी से पूछताछ कर रही है ताकि इस घोटाले के पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके. जांच एजेंसी यह भी देख रही है कि क्या इस मामले में और भी लोग शामिल हैं. हालांकि जोशी के वकीलों ने अदालत को यह बताया कि वे केवल विर्गो स्पेशलिटीज के मालिक हैं. उनका (जोशी) बीएमसी अधिकारियों के साथ कोई सीधा व्यवहार नहीं था और वह केवल एक 'मशीन सप्लायर' थे. इन मशीनों को उनकी कंपनी ने नीदरलैंड से मंगवाया था और उन्हें निजी ठेकेदारों को पट्टे पर दिया गया था.**

# स्पेशल सेशन मांग पर चिट्ठी पर साइन क्यों टाला?

## >सुप्रिया सुले का विवादित बयान

**मुंबई.**

'पीएम नरेंद्र मोदी ने सरेंडर कर दिया' वाले राहुल गांधी की टिप्पणी पर एनसीपी-एसपी की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र में हर एक को बोलने का अधिकार हमारे संविधान ने दिया है.

कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा और मनीष तिवारी हम ग्रुप-7 में साथ ही थे. उन्होंने कहा कि मेरे खयाल से ये सवाल आप कांग्रेस से पूछें तो

ज्यादा ठीक होगा. सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में ऑल पार्टी डेलीगेशन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की. इस मुलाकात के बाद सुप्रिया सुले मीडिया से मुखातिब हुईं और इस दौरान उन्होंने ये बातें कही.

बारामती सांसद से सवाल किया गया कि विपक्षी दलों के संसद के विशेष सत्र की मांग वाली चिट्ठी पर उनकी पार्टी के हस्ताक्षर नहीं हैं. इस पर उन्होंने कहा,मैं परदेश में थी जब ये खत आया. मैं बड़ी विनम्रता से कांग्रेस को विनती कर रही थी कि ऑल पार्टी डेलीगेशन चल रहा है, हम दो तीन दिन में वापस आएंगे, वापस आने के बाद हम लोग मिलकर ये मांग करेंगे."सुप्रिया सुले ने आगे कहा, "एक तरफ हम ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ऑल पार्टी डेलीगेशन के तहत दुनिया में घूम रहे हैं और एक तरफ हम ये सेशन मांगेंगे तो मुझे लग रहा था कि ये ठीक नहीं है. ये नेशनल सिक्योरिटी का इश्यू है. मैंने कांग्रेस से विनती भी की थी कि आप दो-चार दिन रुकिए... लेकिन उसके पहले ही ये मीटिंग हो गई इसलिए हमने साइन नहीं किया.

इसके साथ ही उन्होंने कहा, "शरद पवार साहब ने भी कहा था कि अभी सेशन मत लीजिए. क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी चल रहा है. पूरा सेटल होने दीजिए."

## आज का राशिफल

**मेष**- अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपने साथ समय बिताने से आपको मानसिक शांति मिलेगी।

**वृषभ** - आज आपको निजी जीवन से जुड़ी परेशानियों से राहत मिलेगी। निवेश के अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी। माता-पिता का सपोर्ट मिलेगा।

**मिथुन** - आज आपको वाहन चलाते समय सतर्क रहना चाहिए। आर्थिक रूप से किसी भी तरह की लापरवाही से बचें, वरना मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

**कर्क** - आज अपनी सेहत अच्छी रखने के लिए दिन की शुरुआत एक्सरसाइज से करें। निवेश लाभ और समृद्धि लाएगा। परिवार के सदस्यों की जरूरतों को प्राथमिकता दें।

**सिंह** - आज आपकी सेहत अच्छी रहने वाली है लेकिन खर्चों की अधिकता मन को परेशान कर सकती है। किसी भी तरह की फिजूलखर्ची से बचें।

**कन्या** - आज आपका अति उत्साह आपको नुकसान पहुंचा सकता है। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। वैवाहिक जीवन रोमांटिक रहेगा।

**तुला** - आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अपनों का साथ होगा। कार्यस्थल पर पॉलिटिक्स का शिकार हो सकते हैं, इसलिए सतर्क रहें।

**वृश्चिक** - आज आपको दोस्तों का साथ मिलेगा। जो लोग शादीशुदा हैं उन्हें आज अपने बच्चों की शिक्षा पर काफी पैसा खर्च करना पड़ सकता है।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए लाभकारी रहने वाला है, आर्थिक रूप से और शारीरिक रूप से। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। व्यापारियों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है।

**मकर** - आज परेशानियों के सामने आने पर घबराएं नहीं बल्कि मुस्कुराएं। क्योंकि आप इनसे पार पा लेंगे। आज अपने खर्चों में फिजूलखर्ची नहीं करने की कोशिश करें।

**कुंभ राशि**- आज अपनी सेहत पर नजर रखें। आपके खर्चों में अप्रत्याशित वृद्धि आपके मानसिक शांति को परेशान कर सकती है। यात्रा के अवसर सामने आएंगे।

**मीन** - आज आपको कोई सपना पूरा हो सकता है। लेकिन अपने उत्साह व जुनून को कंट्रोल में रखें। लंबी अवधि के लाभ निवेश पर फोकस करें।

**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**
(आकाशवाणी चौक, सिव्हील लाईन, नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
प्र.क्र. ०८/प्रस्तु-३/तह.नाग (शहर)/कावि क्र. २०/२०२५
दिनांक १४/०५/२०२५

वाचा : १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि-१०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) अर्जदार **नासिरूद्दीन नईमुद्दीन खान**, राह. प्लॉट नं. ९६, निवारा हाऊसिंग सोसायटी महेश नगर, बोरगांव, काटोल रोड, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक ११/०४/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **नासिरूद्दीन नईमुद्दीन खान**, राह. प्लॉट नं. ९६, निवारा हाऊसिंग सोसायटी महेश नगर, बोरगांव, काटोल रोड, नागपूर यांनी त्यांची पत्नी यांच्या जन्म तारखेची नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **बानो बी मोहम्मद यासीन** हिचा जन्म दिनांक १०/०७/१९६५ रोजी घरी छावणी नागपूर येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे जन्माचे प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा जन्मा बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास जन्मबातची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित जन्म नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता
Prasanna Publicity 09326927622

**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**
(आकाशवाणी चौक, सिव्हील लाईन, नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
प्र.क्र. १०/प्रस्तु-३/तह.नाग (शहर)/कावि क्र. २२१/२०२५
दिनांक १६/०५/२०२५

वाचा : १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि-१०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) अर्जदार **नसरिन जफरूल्ला खान**, राह. प्लॉट नं. ४९ ए, शाम लॉन जवळ रोज कॉलनी पुष्कर को. ऑप. हाऊसिंग सोसायटी जाफर नगर मागे, काटोल रोड, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक १६/०४/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **नसरिन जफरूल्ला खान**, राह. प्लॉट नं. ४९ ए, शाम लॉन जवळ रोज कॉलनी पुष्कर को. ऑप. हाऊसिंग सोसायटी जाफर नगर मागे, काटोल रोड, नागपूर यांनी स्वत:च्या जन्म तारखेची नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **सय्यद नसरिन अंजुम बशिर अली** यांचा जन्म दिनांक २४/०५/१९६७ रोजी घरी मोमीनपूरा नागपूर येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे जन्माचे प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा जन्म बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास जन्मबातची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित जन्म नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता
Prasanna Publicity 09326927622

**मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस**

DR. NANDI PATH LAB — Committed to your Wellness. OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE. DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho) Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE. Mobile No.: 8767516249 | 7420869774. Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

अल्का ब्युटी पार्लर — अलग-अलग प्रकार के फेशियल थ्रेडिंग • वैक्सींग • स्पा ट्रिटमेंट हेअर एवं बॉडी हिना ट्रिटमेंट • ब्लीचिंग • मेहंदी ऑर्डर मॅनीक्यूर-पेडिक्यूअर • स्कीन ट्रिटमेंट हेअर पर्मिंग नेल ट्रिटमेंट • हेअर कटिंग पीपल ट्रिटमेंट • त्वचा (स्कीन) केअर मेकअप • हेअर कलरिंग साडी स्टाईल्स यहाँ ब्युटी पार्लर कोर्सेस के क्लासेस लिये जाते हैं। अल्का वि. लाडे 9373108897 / 9373531205 प्लॉट नं. 57-सी, एम्प्रेस मिल क्वॉ. नं. 15 के पीछे, बेझनबाग, नागपुर

तुळजाभवानी ट्रेडर्स — कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी. हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है। ठोक व चिल्लर विक्रेता. JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है. M. : 7987262970 | 9175172712

SWARNATYA MUSIC ACADEMY — Learn Music with Proper Exam Facility. Classes Conducted for: Vocal Classical Singing, Light Music (with Karaoke), Zumba, Yoga, Crochet, Macrame, Drawing, Paper Crafts. <: Contact :> Mob - 9975757706, 9561674780. Adress : Plot no 212, Bengali Society, Kasturba Nagar, Jaripatka, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स — • 19 मे शिमला मनाली • 2 जून केरल कन्याकुमारी रामेश्वरम • 15 जून आगरा मथुरा वृंदावन • 9 सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्रा • 10 ऑगस्ट गुजरात राजस्थान. संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे 7498753939, 93095 96390, 8698495200, 9823454945

ADMISSION OPEN RKS PUBLIC SCHOOL — NURSERY to Std. IX. OUR FACILITY: Computer Lab • Cricket, Karate Class • Swimming Pool, Skating Class • Basket Ball. M. 8087955831 8956785080. Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM — GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX. VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietior. Avani Udyog (MSEDCL Approved Vendor). Office Address: Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001. E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com. Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631. Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

इंग्लिश स्पीकिंग — E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY. Talkative, Funny & Tricky. Morning / Evening BATCHES. अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से. हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है! • STUDENTS • TEACHERS • HOUSEWIVES • JOB SEEKERS. NEW BATCHES I 5:00 PM TO 6:00 PM I 8:00 AM TO 9:00 AM. 9960462058,7498325477. नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी. डॉ. (प्रा.) अभिषेक धिमणकर

ZOREN PROPERTY DEALERS — हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है. अफसर खान M. 9371381114, 7038696893. सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर — विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड. उमेश्वर शामकुंवर M.9326760744. तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस — एस. सुधीर मो. 9372855880. डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड, शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प, बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब, रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग. प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

अंकित एंटरप्राइजेस — आनंद ठेकेदार : 7219847962. बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर. हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे। "सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

## सुविचार

इंसान कहता है कि पैसा आए तो कुछ करूँ, पैसा कहता है कुछ कर तू तो मैं आऊं.

## संपादकीय

# जाति जनगणना की तारीखों का ऐलान

दिल्ली सरकार ने बहुप्रतीक्षित जाति जनगणना की तारीखों का ऐलान कर यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि वह इस महत्वपूर्ण मुद्दे को अब और लटकाने के मूड में नहीं है। तय कार्यक्रम के अनुसार, 1 मार्च 2027 की आधी रात तक यह जनगणना प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस ऐलान के साथ ही देश में आरक्षण, लोकसभा सीटों के परिसीमन और महिला आरक्षण जैसे अहम मुद्दों पर नई बहस तेज हो गई है. सरकार के इस कदम से यह संदेह भी दूर हो गया है कि वह जातिगत आंकड़ों को सार्वजनिक करने में रुचि नहीं रखती। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह आंकड़े कब तक सामने लाए जाएंगे। क्योंकि लोकसभा परिसीमन और महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे इन्हीं आंकड़ों पर निर्भर करते हैं। गौरतलब है कि 2011 में तत्कालीन सरकार ने सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना के तहत आंकड़े जुटाने की कोशिश की थी, लेकिन उसमें इतनी विसंगतियां पाई गईं कि रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। इसके बाद से इस विषय पर लगातार सामाजिक और राजनीतिक दबाव बढ़ता गया है। हाल ही में बिहार और कर्नाटक सरकारों ने अपने-अपने स्तर पर जाति आधारित सर्वेक्षण करवाया, जो कई विवादों में घिर गया। केंद्र सरकार के लिए अब यह चुनौती होगी कि वह इन पुराने अनुभवों से सीख लेकर निष्पक्ष और सटीक जनगणना सुनिश्चित करे। परिसीमन: उत्तर और दक्षिण के बीच खिंचाव जातिगत जनगणना के सबसे महत्वपूर्ण प्रभावों में से एक होगा लोकसभा सीटों का पुनर्वितरण। देश की आबादी बढ़ चुकी है, लेकिन 1976 के बाद से लोकसभा सीटों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इंदिरा गांधी सरकार ने उस समय सीटों की संख्या में वृद्धि पर 25 साल की रोक लगाई थी, जिसे 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने आगे बढ़ा दिया। यह मियाद 2026 में समाप्त हो रही है। ऐसे में 2027 की जनगणना के आधार पर परिसीमन का बड़ा फैसला लेना सरकार की मजबूरी बन जाएगा। हालांकि, यह विषय क्षेत्रीय संतुलन के लिहाज से काफी संवेदनशील है। दक्षिण भारत के राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में काफी हद तक सफलता पाई है, जबकि उत्तर भारत में जनसंख्या वृद्धि दर अभी भी अधिक है। ऐसे में दक्षिण के राज्यों को डर है कि नई जनगणना के आधार पर उनकी लोकसभा सीटों की संख्या घट सकती है। आरक्षण: आंकड़ों से बदल सकता है समीकरण, जातिगत जनगणना के आंकड़ों के आधार पर आरक्षण नीति में भी बदलाव की मांग उठ सकती है। विशेषकर पिछड़े और अत्यंत पिछड़े वर्ग के नेताओं और संगठनों द्वारा यह मांग की जा सकती है कि उनकी वास्तविक जनसंख्या के अनुपात में उन्हें आरक्षण मिले। हालांकि, यह रास्ता आसान नहीं होगा क्योंकि इससे जुड़े संवैधानिक, कानूनी और राजनीतिक पेचीदगियां भी सामने आएंगी। सुप्रीम कोर्ट की आरक्षण सीमा, राजनीतिक दलों के हित और सामाजिक संतुलन जैसे कई कारक सरकार के फैसले को कठिन बनाएंगे। 2029 के चुनाव पर पड़ेगा असर, विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जनगणना के आंकड़े समय पर जारी होते हैं, तो इसका सीधा असर 2029 के लोकसभा चुनावों पर पड़ेगा। आंकड़ों के जरिए सरकार को सामाजिक-आर्थिक असमानताओं की सटीक तस्वीर मिलेगी, जिससे नीतिगत निर्णय ज्यादा प्रभावी हो सकते हैं। लेकिन यदि आंकड़े देर से जारी होते हैं, तो यह मुद्दा 2029 के चुनाव में भी एक बड़ा राजनीतिक हथियार बन सकता है।

जाति जनगणना सिर्फ एक आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि यह देश के सामाजिक, राजनीतिक और संवैधानिक ढांचे को प्रभावित करने वाली एक ऐतिहासिक प्रक्रिया बनती जा रही है। सरकार के इस फैसले से आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति, सामाजिक न्याय और संसदीय प्रतिनिधित्व की दिशा में कई बड़े परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। हालांकि, इसके साथ ही सरकार को पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ इस प्रक्रिया को पूरा करना होगा, ताकि देश में सामाजिक संतुलन बना रहे और विकास की दिशा में नए रास्ते खुल सकें।

## कहानी

पल्लवी सावनकार

ईद का चाँद मुस्काए नभ में,
खुशियाँ लाए हर एक दिल में।
मंदिर की घंटी भी बोले,
मस्जिद की अज़ान भी खोले।
हिंदू हो या मुसलमान,
सबका है एक ही इंसान।
त्योहारों में रंग बिखरते,
मिल-जुलकर दिल से निखरते।
सेवइयों की मिठास में,
बसती है भाईचारे की आस में।
राखी हो या रमज़ान,
दोनो बाँटें प्यार का सामान।
न कोई दीवार रहे दिलों में,
न जहर हो अब निगाहों में।
राम-रहीम का मेल यही,
भारत की सबसे प्यारी ढली।
ईद का दिन बस यही कहे,
"नफ़रत से कुछ नहीं सहे।
आओ मिलकर दीप जलाएँ,
दिलों में मोहब्बत फिर लाएँ।"
संदेश यही हर ओर बहे,
"एकता में ही भारत सहे।
हिंदू-मुस्लिम एक समान,
भारत माँ का यही है गान।"
"ईद मुबारक" और "जय हिंद" दोनों साथ में कहें,
एकता, प्रेम और अमन की राह पर सदा बढ़ते रहें।

## समीक्षा

# बुद्धिमान की मूर्खता

वह हर युग में तत्कालीन विसंगतियों और अंतर्विरोधों का उद्घाटन करता रहा है। चाहे वह 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' वाला युग रहा हो। या 'अंधेर नगरी चौपट राजा वाला। 'राग दरबारी' का स्वातंत्र्योत्तर काल रहा हो या 'बुद्धिमान की मूर्खता' की इक्कीसवीं सदी। व्यंग्य अपनी तीव्रतम क्षमतावाली व्यंजनात्मकता के साथ सदा समय की विसंगतियों को सामने लाने का दायित्व निर्वहन करता रहा है। जिसे हम आधुनिक युग कहते है वह मूलत: मानवीय मूल्यों के पराभव का युग है। आज यर्थाथ के ऊपर इतने चमकदार आवरण चढ़ाये जा चुके है कि वास्तविकता की पहचान मुश्किल हो गई है। ऐसी स्थिति में व्यंग्य ही एक ऐसी साहित्यिक विधा है जो समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार और शोषण की किलेबंदी को तोड़कर यथार्थ की तस्वीर जनता के सामने उपस्थित करता है। व्यंग्य की इस सार्थक परंपरा का जो बीज कबीर ने बोया था वह हरिशंकर परसाई, शरद जोशी आदि से होता हुआ वीरेन्द्र सरल तक पहुँच गया है। आशा है वीरेन्द्र सरल इस परंपरा को पल्लवित करने का सार्थक प्रयास करेगें। इस व्यंग्य संग्रह में कुल 23 व्यंग्य रचनायें हैं। जो समाज में व्याप्त तमाम तरह की विसंगतियों को चरितार्थ करती हैं। साथ ही आधुनिक विद्रूपताओं को उभारने के लिये सशक्त मिथकों का प्रयोग व्यंग्यकार की परिपक्व दृष्टि की ओर संकेत करती है। 'श्रद्धेय उल्लू जी' में गधा सर्वहारा वर्ग का प्रतीक है जो सदा से शोषित प्राणी रहा है। जिसकी न कोई ऊंची ऊंची इच्छायें होती हैं और न बराबरी का दर्जा पाने की महत्वाकांक्षा दूसरी ओर उल्लू आधुनिक युग की चतुराई से भरा हुआ जुगाड़मेंटी प्रवृत्ति में प्रवीण प्राणी है। इसी प्रवीणता वह लक्ष्मी जी का वाहन पद प्राप्त कर लेता है।

# ईद अल-अजहा

ईदुल-अज़हा, अन्य नाम: बक़रीद, बक़रईद, ईदुज़्ज़ुहा, क़ुरबानी की ईद, इदे-क़ुरबाँ) अरबी में ईद-उल-अज़हा अथवा ईद-उल-अद्'हा. जिसका मतलब क़ुरबानी की ईद) इस्लाम धर्म में विश्वास करने वाले लोगों का एक प्रमुख त्यौहार है। रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति के लगभग 70 दिनों बाद इसे मनाया जाता है। इस्लामिक मान्यता के अनुसार हज़रत इब्राहिम अपने पुत्र हज़रत इस्माइल को इसी दिन खुदा के हुक्म पर खुदा कि राह में कुर्बान करने जा रहे थे, तो अल्लाह ने उसके पुत्र को जीवनदान दे दिया जिसकी याद में यह पर्व मनाया जाता है। अरबी भाषा में 'बक़र' का अर्थ है गाय. लेकिन इधर हिंदी-उर्दू भाषा के बकरी-बकरा से इसका नाम जुड़ा है, अर्थात् इधर के देशों में बकरे की क़ुर्बानी के कारण असल नाम से बिगड़कर आज भारत, पाकिस्तान व बांग्ला देश में यह 'बकरा ईद' से ज्यादा विख्यात हैं। ईद-ए-कुर्बां का मतलब है बलिदान की भावना। अरबी में 'क़र्ब' नजदीकी या बहुत पास रहने को कहते हैं मतलब इस मौके पर अल्लाह् इंसान के बहुत करीब हो जाता है। कुर्बानी उस पशु के ज़िबह करने को कहते हैं जिसे 10, 11, 12 या 13 ज़िलहिज्ज (हज का महीना) को खुदा को खुश करने के लिए ज़िबिह किया जाता है। कुरान में लिखा है: हमने तुम्हें हौज़-ए-क़ौसा दिया तो तुम अपने अल्लाह के लिए नमाज़ पढ़ो और कुर्बानी करो। बकरा ईद में लोगों को एक बकरे की कुर्बानी दे और एक बकरे का भी पालन करें। कुरबानी यानि ईद उल अजहा का त्यौहार हिजरी के आखिरी महीने ज़ु अल-हज्जा के 10 वें दिन मनाते हैं। पूरी दुनिया से मुसलमान इस महीने में मक्का सऊदी अरब में एकत्र होकर हज मनाते है। वास्तव में यह हज की एक अंशीय अदायगी और मुसलमानों के भाव का दिन है। दुनिया भर के मुसलमानों का एक समूह मक्का में हज करता है बाकी मुसलमानों के अंतरराष्ट्रीय भाव का दिन बन जाता है। ईद उल अजहा का अक्षरश: अर्थ त्याग वाली ईद है इस दिन जानवर की कुर्बानी देना एक प्रकार की प्रतीकात्मक कुर्बानी है। हज और उसके साथ जुड़ी हुई पद्धति हजरत इब्राहीम और उनके परिवार द्वारा किए गए कार्यों को प्रतीकात्मक तौर पर दोहराने का नाम है। हजरत इब्राहीम के परिवार में उनकी पत्नी हाजरा और पुत्र इस्माइल थे। मान्यता है कि हजरत इब्राहीम ने एक स्वप्न देखा था, जिसमें वह अपने पुत्र इस्माइल की कुर्बानी दे रहे थे। हजरत इब्राहीम अपने दस वर्षीय पुत्र इस्माइल को ईश्वर की राह पर कुर्बान करने निकल पड़े। पुस्तकों में आता है कि ईश्वर ने अपने फ़रिश्ते को भेजकर इस्माइल की जगह एक जानवर की कुर्बानी करने को कहा। दरअसल इब्राहीम से जो असल कुर्बानी मांगी गई थी वह थी उनकी खुद की थी अर्थात् ये कि खुद को भूल जाओ, मतलब अपने सुख-आराम को भूलकर खुद को मानवता/इंसानियत की सेवा में पूरी तरह से लगा दो। तब उन्होनें अपने पुत्र इस्माइल और उनकी मां हाजरा को मक्का में बसाने का निर्णल लिया। लेकिन मक्का उस समय रेगिस्तान के सिवा कुछ न था। उन्हें मक्का में बसाकर वे खुद मानव सेवा के लिए निकल गये। इस तरह एक रेगिस्तान में बसना उनकी और उनके पूरे परिवार की कुर्बानी थी जब इस्माइल बड़े हुए तो उधर से एक काफिला (कारवां) गुजरा और इस्माइल का विवाह उस काफिले (कारवां) में से एक युवती से करा दिया गया फिर प्रारम्भ हुआ एक वंश जिसे इतिहास में इश्माइलिट्स, या वनु इस्माइल के नाम से जाना गया। हजरत मुहम्मद साहब का इसी वंश में जन्म हुआ था। ईद उल अजहा के दो संदेश है पहला परिवार के बड़े सदस्य को स्वार्थ के परे देखना चाहिए और खुद को मानव उत्थान के लिए लगाना चाहिए ईद उल अजहा यह याद दिलाता है कि कैसे एक छोटे से परिवार में एक नया अध्याय लिखा गया। ईद अल-अधा के दौरान, लोगों के बीच मांस वितरित करना, पहले दिन ईद की नमाज से पहले तकबीर का जाप करना और ईद के तीन दिनों के दौरान प्रार्थना के बाद, इस महत्वपूर्ण इस्लामिक त्योहार के आवश्यक हिस्से माने जाते हैं।

ईद ul अधा के दिन मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुसलमान इकट्ठा होते हैं। लाखों की संख्या में मुस्लिमों द्वारा सफेद कुर्त में ईदगाह यानी बड़े मस्जिद में ईद की नमाज़ अदा करने का यह दृश्य बेहद ही सुखद होता है। नमाज़ अदा करने के बाद चौपाया जानवरों जैसे- ऊंट, बक़रा, खस्सी, भेड़ इत्यादि की कुर्बानी दी जाती है। धूल हिज्जाह महीने के 10 तारीख को ईद उल अधा मनाते हैं। सामूहिक तौर पर ईद की नमाज़ अदा की जानी चाहिए। प्रार्थना मण्डली में महिलाओं की भागीदारी समुदाय से समुदाय में भिन्न होती है। इसमें दो राकात (इकाइयाँ) शामिल हैं, जिसमें पहली राकात में सात तक्बीर और दूसरी राकात में पाँच तकबीरें हैं। शिया मुसलमानों के लिए, सलात अल-ईद पाँच दैनिक विहित प्रार्थनाओं से अलग है जिसमें कोई ईशान (नमाज़ अदा करना) या इक़ामा (कॉल) दो ईद की नमाज़ के लिए स्पष्ट नहीं है। सलाम (प्रार्थना) के बाद इमाम द्वारा खुतबा, या उपदेश दिया जाता है। प्रार्थनाओं और उपदेशों के समापन पर, मुसलमान एक दूसरे के साथ गले मिलते हैं और एक दूसरे को बधाई देते हैं (ईद मुबारक), उपहार देते हैं और एक दूसरे से मिलते हैं। बहुत से मुसलमान अपने ईद त्योहारों पर अपने गैर-मुस्लिम दोस्तों, पड़ोसियों, सहकर्मियों और सहपाठियों को इस्लाम और मुस्लिम संस्कृति के बारे में बेहतर तरीके से परिचित कराने के लिए इस अवसर पर आमंत्रित करते हैं। इस्लामिकपीडिया के अनुसार, बकराईद (ईद-अल-अज़हा) की नमाज़ दो रकअत होती है, जो बग़ैर अज़ान और इक़ामत के जमाअत से अदा की जाती है। इस नमाज़ में तकबीरें ज़्यादा होती हैं. पहली रकअत में सामान्यत: ६ और दूसरी रकअत में ५, हालाँकि यह संख्या अलग-अलग इस्लामी फिरकों में थोड़ी भिन्न हो सकती है। नमाज़ के बाद इमाम द्वारा ख़ुत्बा (उपदेश) दिया जाता है, जिसे सुनना सुन्नत माना जाता है। मुसलमानों को सलाह दी जाती है कि वे इस दिन अच्छे कपड़े पहनें, इत्र लगाएँ और नमाज़ को खुले मैदान या बड़े जमावड़े में अदा करें।

## आलेख

स्वामी वाहिद काज़मी

# मस्जिद में हिन्दू, मन्दिर में मुसलमान वही है धर्म-ईमान

मुमकिन है शीर्षक पढ़ते ही कुछ पाठकों के मन में विचार उठे कि आगे शायद कुछ कविता जैसी चर्चा होगी। नहीं, मैं कविता-चर्चा करने नहीं बैठा बल्कि अब जिस माहौल में एक-एक सांस कठिनाई से लेकर जीने को अभिशप्त हूँ, उससे उपजी मानसिक पीड़ा सहृदय पाठकों के साथ शेयर करने के इरादे से बैठा हूँ। कहाँ से शुरू करूं? जब यह सोचता हूँ तो एकदम से कोई सिरा तो लेखनी की नोक पकड़ नहीं पाती। आँसुओं की रुकी हुई धारा अवश्य आँखों से फूट पड़ना चाहती है। कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन, वैसे तो शायद मन्ना डे का गाया हुआ किसी फिल्मी गीत का यह मुखड़ा है। न मैंने वह फिल्म देखी, न फ़िल्में देखता हूँ। किन्तु जब भी यह पंक्ति मेरे कानों में पड़ती है, तत्क्षण थोड़ी देर के लिए जैसे मैं इस दुनिया में नहीं रह जाता हूँ। इस पंक्ति के बहाने मुझे अतीत के स्वर्णिम दिन बेसाख्ता स्मरण हो आते हैं।

विशेष रूप से उस जमाने का सामाजिक एवं धार्मिक व्यवहार, वह पूरा वातावरण जिसमें किसी प्रकार की जातिगत द्वेष भावना तो दूर, संकीर्णता और भेद-भाव भी नहीं था। बेशक इसे आज कोई यह कहे कि मैं अतीत-जीवी या माजीपसंद हूँ, पर क्या किया जाए? जिन संस्कारों से मेरे व्यक्तित्व के एक-एक रेशे का निर्माण हुआ, उनकी जड़ें अतीत में ही हैं। आँधी-तूफ़ानों में भी जड़ों से न उखड़ पाना मेरी कमजोरी ही है। ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से कोई तीस किलोमीटर के फासले पर शेरशाह सूरी राष्ट्रीय राजमार्ग उर्फ जी.टी. रोड के किनारे एक छोटा-सा ऐतिहासिक कस्बा है-आंतरी. दरबारे-अकबरी के एक मशहूर रत्न अबुल फज़्ल यहाँ चिर विश्राम की निद्रा में लीन हैं। अबुल फज़्ल की आखिरी आरामगाह इसी कस्बे आंतरी में मेरा जन्म हुआ। अबुल फज़्ल की मज़ार पर खेलते-कूदते और वहाँ की ख़ाक में लोट-पोट होते हुए, बाल्यावस्था पार कर उसी खुशगवार फ़िज़ा में तरूणाई की चौखट पर कदम रखा। मिडिल स्कूल मैंने यहीं से पास किया था। इस लिहाज से मेरे मनो-मस्तिष्क पर, संस्कार रूप में, आंतरी के बहुत अहसान हैं। सबसे खास है वह सुखद माहौल जिसमें स्वाभाविक भाई-चारे की सुगंध बहती थी और हकीकी अपनत्व तथा सद्भाव दूध-मिसरी की भांति घुले-मिले रहते थे। कहना न होगा कि मेरे भीतर बहते लहू की एक-एक बूंद उन्हीं रंगों व रसायनों से रची-बसी है. मेरे रोम-रोम का निर्माण उसी आब-ओ-हवा ने किया है। उसे कैसे भूल सकता हूँ।

न कोई अफसर, न कोई चाकर, ग्वालियर हाई कोर्ट से संबद्ध एक छोटी सी अदालत वहाँ थी। एक मजिस्ट्रेट रहता था। पाँच वकील थे- विद्याधर शर्मा, विश्वेश्वर दयाल, जयनारायण सक्सेना, मनोहर लाल और मेरे पिताजी सैयद इम्तियाज़ अली। जो वकील उनके हम उम्र थे, वे सब हमारे चाचा थे और मनोहर लाल जी उम्र में बड़े होने से बाबा थे। ग्रामवासियों के साथ इस सभी का अपनापन रहता था। घनिष्ठता ऐसी कि जब कचहरी की इमारत में अदालत लगी होती, तो वे ही लोग जो अपनी-अपनी कुर्सियों पर मजिस्ट्रेट, वकील, पेशकार, अहलकार थे; अदालत उठ जाने के बाद सिर्फ एक इंसान रह जाते थे। कहीं बैठकर गपशप करते। बैडमिंटन खेलते। गर्मियों में तरबूज़-खरबूजों और ठंडाई की, बरसात में आमों की और सर्दियों में कबाब-पकौड़ों की पार्टियाँ उड़ाते।

कभी शिकार पर जाते तो कभी जंगल में सहभोज (गोठ) के लुत्फ़ उठाए जाते। ग्राम उत्सवों में पूरे मन और उत्साह से शरीक होते। प्रतिपक्षियों का याराना, मुवक्किल के हित को सर्वोपरि रख सभी वकील पूरी मेहनत, ईमानदारी तथा नेकनीयती से काम करते, आपस में मिल बांटकर। यदि किसी वकील के पास काम कम रहता तो दूसरे वकील अपने पास आया मुकदमा खुद उसे दे देते थे। आज की भांति दलालों की तिकड़म से मुवक्किल को फांस कर लाने या छल-प्रपंच से दूसरे को मिलता मुकदमा खुद हथिया लेने की हीन मनोवृत्ति उन्हें छूकर भी नहीं गुजरती थी। आज तो इस बात पर मुश्किल से ही यकीन आएगा कि कभी-कभी आंतरी के मुवक्किल लश्कर (ग्वालियर) जाकर वकील कर आते थे। फिर जब वे वकील तारीख पेशी पर आंतरी आते तो बिना किसी भेदभाव के सिर्फ हमारे यहाँ ठहरते। यहाँ तक कि जब पिताजी के विपक्षी वकील आते तो वे भी हमारे ही मेहमान होते थे। अदालत में जिरह-बहस के दौरान दौनों की कट्टर प्रतिद्वंद्विता मानों गजब ढाती थी, पर अदालत से बाहर आते ही उनका याराना – क्या पूछना!

कहाँ खो गया आदमी? होली के वे हसीन रंग आज भी मेरे मन से धुल- पुँछ नहीं गए हैं कि बस्ती में सभी छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, हिन्दू-मुसलमान, रंगों-गुलालों से सराबोर एक मंडली बनाकर ढोलकी-मंजीरे की ताल-बेताल पर थिरकते-झूमते, स्वांग बनाए, होली खेलते घूमते थे। जब हमारे यहाँ आते तो बड़े तो बड़े, घर के बच्चे तक उनके साथ बेढब शरारतों के साथ होली खेलते! भीतर जनानखाने में औरतों का तो जिक्र क्या, नाइनें व धोबिनें तक हमारे परिवार की पर्देनशीन महिलाओं से होली खेलकर निहाल हो जाती थीं। मेरे इन्हीं हाथों ने एक बार गोलमटोल थानेदार साहब की आधे तरबूज जैसी मोटी तोंद पर गाढ़ा कोलतार (डामर) लेस दिया था। थानेदार, वकील, न्यायाधीश, डॉक्टर आदि अब पहले से कई गुना अधिक हैं, पर आदमी पता नहीं कहाँ खो गया। आँखें तलाश करती हैं और तरस कर रह जाती हैं। देव-विग्रह की मुस्कानें, मुहर्रम पर बड़े-बड़े ताज़ियों का जुलूस निकाला जाता। सबके आगे बड़ा पंचायती ताज़िया रहता।

इसके निर्माण पर पूरी बस्ती का धन व श्रम लगा होता। जुलूस वाले दिन बाजार में दिनभर उस्ताद जंगीखां रंगरेज और गुरु परमानंद दुबे के अखाड़ों में तैयार पट्ठे लाठी, बिनौट, पटा, चक्र, बल्लम, तलवार के खेल दिखाते। गयासीराम तेली मलखंभ पर कलाबाजी के कौशल पेश करते। हिन्दू-मुसलमान दोनों ही बड़े जोश-खरोश से ढोल-ताशे बजाते। गंगाबाई के पंचायती मंदिर के ठीक सामने जुलूस ठहरता। सामूहिक स्वरों में हजरत हसन हुसैन की शान में मर्सिये गाए जाते। यह आवाज केवल एक इंसानी आवाज होती थी, जिसमें हिन्दू-मुसलिम दोनों के सुर गले मिलते थे। मंदिर में प्रतिष्ठापित श्रीराम और हनुमान की प्रतिमाएं मानों मुस्कानें बिखेरने लगती थीं। आज के भक्तों, सुना तुमने!

## व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार

# बैर बढ़ाते मंदिर-मस्जिद, मेल कराती मधुशाला

हे करुणामयी, जीवनदायिनी, कृपालु और दयालु भारत की सरकार! आपका जितना गुणगान किया जाए कम है। आप तो अंतर्यामी हैं। आपने हमारे सूखे कंठों की पीड़ा सुनकर जो कृपा की है, उसे कभी नहीं भूलेंगे। मधुशाला खुलवाकर हम पर जो उपकार किया है, उसका ऋण हम जीते जी नहीं चुका पायेंगे। चाहे कोरोना से ही क्यों न मर जाएँ, लेकिन आपका ऋण अवश्य चुकायेंगे। भारत के नागरिक होने के नाते क्या हम आपके लिए इतना भी नहीं कर सकते? लानत है ऐसे जीवन पर जो सरकार के इस प्राणदायी निर्णय का समर्थन न कर सके! जय हो भारत सरकार! जय हो! तालाबंदी के समय आपका यह उपकार सदा के लिए आपके यश का कीर्तिस्तंभ बनेगा। मधुप्रेमियों की चिंता में भारत सरकार कमजोर हो गयी है। अब वह दिन दूर नहीं जब पुस्तकों में लिखा जाएगा कि इंसान को जीने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान नहीं बल्कि शराब की जरूरत पड़ती है। सड़कों पर मधुप्रेमियों की लंबी-लंबी कतारें अंगार बरसाती गर्मी की परवाह किए बिना अपने अदम्य साहस का परिचय दे रही है। हमारा यह अदम्य साहस सदैव याद रखा जाएगा। रामायण और महाभारत के युद्ध मधुशाला के पास जुटी भीड़ की मधु भिड़ंत के सामने ओछे नजर आते हैं। सोशल डिस्टेसिंग के नाम पर इतने दिन जान हथेली पर लिए घर में दुबके बैठे मधुप्रेमियों का मधुशाला की चौखट पर जान लुटाने का यह साहस, इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। हे भारत के मधुप्रेमियो! आपको देश मधु सलाम करता है। कोरोना मंथन के विकराल समय में सरकार मोहिनी बनकर आयी है। सुरा समान मधु की बूँदें छलकाकर गरीबी, महँगाई, धर्म, जाति, वर्ग, भाषा के सारे कलह जड़ से मिटाने का प्रयास कर रही है। भारत सरकार महान है! उसका यह सर्वोत्कृष्ट उपकार असंख्य मधुप्रेमियों की जान बचाने का रामबाण इलाज है। सरकार अपने मधुप्रेमियों का पूरा ध्यान रखती है। गणितज्ञ, वैज्ञानिक, चिकित्सक किसी भी दृष्टि से देखा जाए, उसका मधुशाला श्रीगणेश निर्णय सही सिद्ध होता है। यह सच भी है। जहाँ कोरोना से बड़ी मुश्किल से डेढ़ हजार लोग मरे वहाँ अमृत बरसाती सुरा बूँदों की कमी से असंख्य मधुप्रेमी मर जाते, तब इस बदनामी का बोझ कौन उठाता? एक समय था जब हमारे शासक मधु सेवन को महापाप मानते थे। अब इसके सेवन से बचने वाले को महापापी मानते हैं। मधुसेवन तो सोशल स्टेटस माना जाता है। आज हमारा देश इन्हीं मधुप्रेमियों के कारण जीवित है। वरना कब का मर जाता। सरकारी योजनाओं को पूरा करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ती है। देश में टैक्स चोर इतने बढ़ गए हैं कि हमारी योजनाएँ पूरी होनी से रही! वह तो खैर मनाओ कि हमारे मधुप्रेमी कभी पत्नी का मंगल सूत्र, तो कभी बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए जुटाए गई संपत्ति, तो कभी लड़की के विवाह के लिए पाई-पाई जोड़ी गई गाढ़ी कमाई की परवाह किए बिना मधुसेवन के लिए सब कुछ स्वाहा कर देते हैं। देश की चमचमाती सड़कें, बड़े-बड़े भवन, पुल, अस्पताल, कर्मचारियों का वेतन सभी इन्हीं के त्यागों का गुणगान गाते हैं। यदि आज हमारे दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी जीवित होते उनके इस त्याग को देखकर उनका मस्तक गर्व से ऊँचा हो जाता। धन्य हो मेरे देश के मधुप्रेमियो! अब सरकार को न कोरोना का रोना है न सोशल डिस्टेसिंग का। सब गए भाड़ में। अब तो एक ही अजेंडा है- खूब पिलाओ पैसा कमाओ। इस आर्थिक अकाल में यदि कोई कामधेनु गाय है तो वह है मधुशाला। मधुशाला को धन की वर्षा कराने में महारथ प्राप्त है। सरकार के लिए यह पारसमणि का पत्थर है। तालाबंदी के इस विकट समय में लोगों को आर्थिक सहायता करने के चक्कर में सरकारी खजाने खाली होते जा रहे हैं।


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप, चित्रकहरीतकी, वासावलेह, स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल, तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप, एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा, श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स

डॉ. आकांशा रा. गुप्ता B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D
डॉ. पारुल मोहित गुप्ता B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC
डॉ. रचना मयूर गुप्ता B.A.M.S, MD,
डॉ.अतुल तेलरांदे B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D
डॉ. विनोद तिवारी बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक: फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शनिवार, 7 जून 2025



# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

## लॉयड्स मेटल्स ने शुरू की 'ग्रीन गढ़चिरोली' और अन्य पहल

**कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए पूरे गढ़चिरोली जिले में 11 लाख पौधे लगाए जाएंगे: एलएमईएल के एमडी बी. प्रभाकरन**

**गढ़चिरोली:**

लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड (एलएमईएल) ने गुरुवार को अपने सुरजागढ़ लौह अयस्क खदान में विभिन्न पथप्रदर्शक पर्यावरण-अनुकूल पहलों के साथ-साथ गडचिरोली में 'ग्रीन गढ़चिरौली' पहल का शुभारंभ और कोनसरी में कार्यक्रमो के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

एलएमईएल के प्रबंध निदेशक श्री बी प्रभाकरन ने सुरजागढ़, कोनसरी और गढ़चिरौली में कार्यक्रमों की शोभा बढ़ाई। इन तीन स्थानों पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने भारत की विकास कहानी के अनुरूप गढ़चिरौली जिले में 'ग्रीन स्टील' बनाने के अपने सपने को साझा किया। उन्होंने खनन से लेकर परिवहन तक एलएमईएल द्वारा की गई कई हरित पहलों को सूचीबद्ध किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की पहली और देश की एकमात्र चौथी स्लरी पाइपलाइन अगले कुछ महीनों में चालू हो जाएगी। इससे जीवाश्म ईंधन की खपत पर आधारित सड़क परिवहन में कमी आएगी।

उन्होंने कहा, "हमारा एक स्पष्ट मिशन है - कम कार्बन उत्सर्जन के साथ स्टील बनाना, समावेशी विकास, नौकरियों, स्वास्थ्य सेवा,

शिक्षा सहित कई कार्यों के माध्यम से स्थानीय समुदाय के हितधारकों की सेवा करना।"

श्री बी प्रभाकरन ने गढ़चिरोली में गोंडवाना विश्वविद्यालय के परिसर में 'ग्रीन गढ़चिरौली' पहल के शुभारंभ पर बोलते हुए घोषणा की, "'ग्रीन गढ़चिरौली' पहल के तहत, गढ़चिरोली शहर में 30,000 से अधिक पेड़ लगाए जाने हैं। पूरे गढ़चिरोली जिले में 11 लाख पेड़ लगाने की योजना है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वृक्षारोपण टिकाऊ है, उचित सर्वेक्षण और साइटों का चयन आदि किया जाएगा।"

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुहास गाडे; गोंडवाना विश्वविद्यालय के निदेशक प्रोफेसर मनीष उत्तरवार ने भी 'ग्रीन गढ़चिरौली' कार्यक्रम में मंच साझा किया। गाडे ने एलएमईएल की पर्यावरण-अनुकूल पहल की सराहना की और कहा कि 'ग्रीन गढ़चिरोली' पहल मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फड़नवीस की इस वर्ष 10 करोड़ वृक्षारोपण की घोषणा के अनुरूप है। पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक महीप गुप्ता ने परिचयात्मक टिप्पणी की और बताया कि एलएमईएल की विभिन्न पहलों के कारण गढ़चिरोली कुछ ही वर्षों में कैसे सकारात्मक रूप से बदल गया। कोनसरी में, श्री बी. प्रभाकरन ने वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कोनसरी के अपने कर्मचारियों और उनके जीवनसाथियों के लिए एलएमईएल द्वारा आयोजित एक प्रेरक प्रशिक्षण कार्यशाला को भी भेट दी और प्रतिभागियों को उपहार वितरित किए। सुरजागढ़ में, एलएमईएल को लियूगोंग से पहला भारत इलेक्ट्रिक वाहन ग्रेडर और वोल्वो से एलएनजी ट्रक मिले इस अवसर पर उप-विभागीय पुलिस अधिकारी शैलेश रंजनकर, विभिन्न गांवों के सरपंच और उप सरपंच जिनमें अरुणा सदमेक, वनिता कोरामी, नेवलुजी गावड़े, राजू तिम्मा, मधुकर सदमेक, कल्पना आलम, गणेश गोटा, बापूजी गावड़े, प्रशांत आत्राम, बलराम सोमनानी और एलएमईएल के वरिष्ठ अधिकारीयों ने मंच साझा किया।

समारोह को संबोधित करते हुए, श्री प्रभाकरन ने बताया कि कैसे एलएमईएल गढ़चिरोली में संचालन को स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता में निवेश के रूप में देख रहा है। "स्थानीय समुदायों के सहयोग और मजबूत समर्थन के कारण ही एलएमईएल ये सभी काम कर सका।

श्री प्रभाकरन ने कहा की "मैं सपना देखता हूं कि गढ़चिरौली किसी दिन एलएमईएल का प्रबंध निदेशक दे, क्योंकि गढ़चिरौली पहले ही निर्यात-गुणवत्ता वाले इस्पात निर्माण के उभरते गंतव्य के रूप में वैश्विक मानचित्र पर आ गया है,"।

कार्यक्रम के दौरान श्री प्रभाकरन ने एलएलईएल की महिला कर्मचारियों को दी जाने वाली 35 ई-बाइक को हरी झंडी दिखाई, सरपंच और उपसरपंच को स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। उन्होंने सबसे कम समय में स्लरी पाइपलाइन का काम पूरा करने के लिए आयरन ओर ग्राइंडिंग यूनिट टीम को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया।

## मुनगंटीवार के प्रयासों से मुल एसडीओ कार्यालय में सभागार के जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त हुआ

**मुनगंटीवार के अनुवर्ती प्रयास से 1 करोड़ 30 लाख रुपए की निधि को मंजूरी मिली मूल में हुई समीक्षा बैठक में इसकी खराब स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया गया तथा इसके जीर्णोद्धार का निर्देश दिया गया**

**चंद्रपुर.**

पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले तथा मत्स्य पालन राज्य मंत्री विधायक श्री सुधीर मुनगंटीवार के प्रयासों से मूल स्थित एसडीओ कार्यालय में स्थित सभागृह के जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त हुआ है। श्री मुनगंटीवार के निरंतर अनुसरण के कारण ही इस कार्य के लिए 1 करोड़ 30 लाख रुपए की निधि स्वीकृत हुई है। मूल स्थित समीक्षा बैठक में श्री मुनगंटीवार ने सभागृह की खराब स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया था तथा तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे। उल्लेखनीय है कि

आ. श्री मुनगंटीवार के निर्देशानुसार प्रशासन ने हॉल के जीर्णोद्धार के लिए आवश्यक निधि की मांग की थी। विधायक श्री सुधीर मुनगंटीवार ने इस निधि के लिए अनुगमन किया और अब हॉल के जीर्णोद्धार के लिए प्रशासकीय मंजूरी मिल गई है तथा वास्तविक कार्य शीघ्र ही शुरू होगा।

हॉल के जीर्णोद्धार से प्रशासनिक बैठकें और विविध कार्यक्रम बेहतर तरीके से आयोजित किए जा सकेंगे। इसका सीधा लाभ नागरिकों को मिलेगा। साथ ही हॉल के जीर्णोद्धार से स्थानीय प्रशासन की कार्य क्षमता बढ़ेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, ऐसा विश्वास विधायक श्री सुधीर मुनगंटीवार ने व्यक्त किया है।

**मुल तालुका का चेहरा बदल गया है** : मुल में मुख्य सड़क, कर्मवीर एम.एस. कन्नमवार हॉल, तहसील कार्यालय, पंचायत समिति भवन, जलापूर्ति योजना, स्टेडियम, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी पुस्तकालय, इको पार्क, स्विमिंग टैंक, साप्ताहिक बाजार जैसे कई विकास कार्य किए गए। 100 बिस्तरों वाले मुल उपजिला अस्पताल को मंजूरी मिल गई, काम प्रगति पर है। सोमनाथ में एक भव्य कृषि महाविद्यालय बन रहा है। साथ ही, लड़कियों के लिए शूरवी कॉलेज शुरू किया गया है। ए. सुधीर मुनगंटीवार ने लगातार अनुसरण करके मुल तालुका की सूरत बदल दी है।

## चंद्रपुर जिले में आर्मीवर्म से प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा प्रदान करें: मुनगंटीवार

**सांसद आशीष जायसवाल ने प्रस्ताव को कैबिनेट में पेश करने का वादा किया**

**चंद्रपुर.**

खरीफ सीजन के दौरान चंद्रपुर जिले में धान और कपास की फसलों पर आर्मीवर्म के प्रकोप के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। पूर्व वन और सांस्कृतिक मामलों के राज्य मंत्री विधायक श्री सुधीर मुनगंटीवार ने कृषि राज्य मंत्री श्री आशीष जयसवाल से आर्मीवर्म से प्रभावित जिले के सभी किसानों को तत्काल मुआवजा देने की पुरजोर मांग की है।

चंद्रपुर जिले में आर्मीवर्म से प्रभावित किसानों को हुए नुकसान को देखते हुए बुधवार 4 जून को मंत्रालय में कृषि राज्य मंत्री श्री आशीष जायसवाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चंद्रपुर जिला कलेक्टर विनय गौड़ा और जिला कृषि अधिकारी शंकर तोतावार आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

चंद्रपुर जिले में खरीफ सीजन 2024-25 में करीब 37 हजार हेक्टेयर भूमि पर आर्मीवर्म के कारण बड़े पैमाने पर फसल प्रभावित हुई है। समीक्षा बैठक में राज्य के पूर्व वन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने जोरदार मांग की कि इस भयावह स्थिति का सामना कर रहे किसानों को तत्काल और उचित मुआवजा मिलना चाहिए। आर्मीवर्म के कारण हजारों किसानों की पूरी आय खतरे में पड़ गई है। इसलिए ए. मुनगंटीवार ने पूरे चंद्रपुर जिले में प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा दिए जाने की जोरदार मांग की।

इस समीक्षा बैठक में कृषि राज्य मंत्री जयसवाल ने ए. मुनगंटीवार की मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आश्वासन दिया कि इस संबंध में एक प्रस्ताव जल्द ही कैबिनेट के समक्ष पेश किया जाएगा। सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। कृषि राज्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि हम इस बात का पूरा ध्यान रखेंगे कि उन्हें न्याय मिले।

## महायुति सरकार के राज में किसानों के कल्याण के लिए ठोस कदम

### > कांग्रेस गुमराह न करे!...एडवोकेट विजय चाटे

**देसाईगंज, गढ़चिरोली.**

कुछ विपक्षी दल कृषि पंपों के बिजली कनेक्शन के बारे में नागरिकों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि महाराष्ट्र सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए न केवल कृषि पंपों के लिए पारंपरिक बिजली उपलब्ध कराई है, बल्कि दिन में इस्तेमाल किए जा सकने वाले सौर कृषि पंप भी उपलब्ध कराए हैं।

मुख्यमंत्री सौर कृषि पंप योजना – किसानों के लिए उज्जवल राह:

सरकार ने सफलतापूर्वक सौर कृषि पंप वितरित किए हैं, जिससे लाखों किसान दिन में बिजली का उपयोग करने में सक्षम हुए हैं।

सौर ऊर्जा के माध्यम से किसानों को स्थायी राहत मिल रही है, जिससे उन्हें पारंपरिक बिजली कनेक्शन में लगने वाले समय, परेशानी और लागत से छुटकारा मिल रहा है। जंगल में जंगली जानवरों, सांपों आदि से किसानों की मौत जैसे कई मुद्दों पर विचार करते हुए यह सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। आरमोरी और आसपास के क्षेत्र के कई किसान इसका लाभ उठा रहे हैं।

**मांग राशि और जीएसटी मामले:** कुछ स्थानों पर पारंपरिक कृषि पंपों को जोड़ने के स्थान पर सौर पंपों को मंजूरी दी गई। सरकार ने उन किसानों के लिए सौर पंप लगाने का निर्णय लिया है, जिन्होंने पहले ही मांग का भुगतान कर दिया था।

चूंकि जीएसटी केंद्र सरकार की कर प्रणाली है, इसलिए इसमें कटौती नियमों के अनुसार की जाती है। इस पर राजनीति करने से किसानों के मन में भ्रम पैदा हो रहा है।

**अन्य योजनाओं में प्रगति:** प्रधानमंत्री आवास योजना और रमाई घरकुल योजना या घरकुल के लिए कोई अन्य योजना के तहत हजारों परिवारों को उनके हक का घर मिला है। और जिले में इसका काम प्रगति पर है। किसानों को फसल बीमा, किसान सम्मान निधि, डिजिटल सातबारा, ई-नाम जैसे विभिन्न माध्यमों से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे किसान को तहसील या अन्य किसी सरकारी कार्यालय में जाकर अपना दिनभर का काम गंवाना नहीं पड़ेगा और दिहाड़ी मजदूर को तहसील या अन्य किसी अधिकारी के कार्यालय में जाने का समय नहीं मिलेगा। जीवन सातबारा हो जाएगा।

**कांग्रेस को गुमराह करना बंद करना चाहिए :** इस बात पर भाजपा के विधि आघाड़ी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट विजय चाटे ने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में न तो बिजली दी, न ही सोलर पंप दिए और अब वह अपनी बनाई योजनाओं की आलोचना करके किसानों की सहानुभूति पाने की पुरजोर कोशिश कर रही है। जनता अब इसे पहचान चुकी है।

महाराष्ट्र में महायुति सरकार किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## इराई कान्यान अजिंक्य का 29वां जन्मदिन वृक्षारोपण के साथ मनाएंगे

**चंद्रपुर.**

पिछले 28 वर्षों से महानगर में सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण कर 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर अपना जन्मदिन मनाने वाले वृक्ष बॉय के नाम से विख्यात युवक तथा वृक्षाई व इराई बचाओ जन आंदोलन के प्रेरणास्रोत अजिंक्य कुशाभ क्यारकर ने इस वर्ष अपना 29वां जन्मदिन बी.जे.एम. कार्मेल एकेडमी के पीछे 300 फीट चौड़े इराई तट पर 29 वृक्ष लगाकर मनाने का निर्णय लिया है। इराई बचाओ जन आंदोलन के माध्यम से मां इराई नदी की मुख्य धारा को मरने से बचाने तथा इराई को गहरा व चौड़ा करने के लिए सरकार व प्रशासन को मजबूर करने के लिए पिछले 19 वर्षों से संघर्षरत इराई की लड़कियां आज भी अपने परिवार के साथ खड़ी हैं। पर्यावरण दिवस, गुरुवार को शाम 5 बजे मनाए जाने वाले इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सैकड़ों इराई के बेटे-बेटियां, बाढ़ पीड़ित, वृक्षारोपण कार्यकर्ता, जन विकास सेना और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे और इराई चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करेंगे, जो वर्तमान सतह से गहरा किए बिना और इराई नदी को केवल 170-190 फीट चौड़ा करने के लिए बेतरतीब ढंग से किया जा रहा है, जबकि नक्शे में नदी की चौड़ाई 300 फीट दिखाई गई है। वृक्षाई के संस्थापक और इराई की बेटियों कुशाब कयारकर ने चंद्रपुर के लोगों से अनुरोध किया है कि वे इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए इराई पर्यटन में आएं और इस महत्वपूर्ण गहनीकरण कार्य और इराई बचाओ जन आंदोलन की सच्चाई का समर्थन करें और देखें।

## गढ़चिरोली जिले में महाराष्ट्र पशु एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय शुरू किया जाए

### > महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गीता हिंगे की मांग

**गढ़चिरोली.**

मछली पालन एवं बंदरगाह मंत्री नितेश राणे 4 जून 2025 को गढ़चिरोली शहर में पहुंचे, तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी चौक पर पटाखे फोड़े और भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता हिंगे ने गढ़चिरौली में "महाराष्ट्र पशु एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय" शुरू करने के संबंध में नितेश राणे को ज्ञापन सौंपा।

गढ़चिरोली जिले में बड़ी संख्या में नदियां हैं और मछली पकड़ने के लिए उपयुक्त वातावरण है। हालांकि, जिले में मछली पकड़ने के लिए कोई प्रभावी जल भंडारण योजना नहीं है। मछली पकड़ने के लिए आवश्यक कोई बुनियादी प्रशिक्षण योजना नहीं है। इसके कारण मछली पकड़ना खतरे में है और जिले में 30 से 40 मछली पकड़ने वाली सहकारी समितियां बंद हो गई हैं। इस कारण से, युवा इस व्यवसाय में रुचि नहीं ले रहे हैं। इस मौके पर गीता हिंगे ने मांग की कि गढ़चिरौली के शिक्षित युवाओं को इस व्यवसाय में लाने के लिए मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की स्थापना की जानी चाहिए और तालुकावार प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध कराए जाने चाहिए। इस पर मंत्री नितेश राणे ने सकारात्मक रुख अपनाया और महाराष्ट्र पशु व मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय नागपुर में होने से गढ़चिरौली में उपकेंद्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस समय पूर्व सांसद अशोक नेते, गढ़चिरौली विधानसभा के विधायक डॉ. मिलिंद नरोटे, जिला अध्यक्ष रमेश बारसागड़े, पूर्व विधायक कृष्णा गजबे, पूर्व जिला अध्यक्ष किसन नागदेवे, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रशांत वाघरे, वरिष्ठ नेता बाबूराव कोहले, शहर अध्यक्ष अनिल कुनघाड़कर, ओबीसी आघाड़ी जिला अध्यक्ष अनिल पोहनकर, भाजपा जिला सचिव वर्षा शेडमाके, पल्लवी बारापात्रे सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डेंगू से लेकर पथरी तक...

## 7 सालों से बीमारियों से जूझ रहीं भारती सिंह

कॉमेडियन भारती सिंह बैंकॉक से आने के बाद कई दिनों से बुखार से परेशान हैं। हालत इस कदर खराब हो गई कि अस्पताल जाना पड़ा और जांच आदि भी किया गया। भारती अपने हेल्थ को लेकर रो भी पड़ी। अगर भारती सिंह की हेल्थ की बात करें तो पिछले कुछ सालों से ये लगातार बीमारियों की चपेट में रही हैं। आइए जानते हैं कि भारती सिंह किन-किन बीमारियों के गिरफ्त में आ चुकी हैं

भारती सिंह बैंकॉक से आने के बाद लगातार आ रहे बुखार से परेशान थी। भारती लगातार बुखार आने के बाद वो अस्पताल गई, जहां पर उनका जांच आदि किया गया। भारती के जांच को लेकर अभी तक कंफर्म जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, भारती के शुभचिंतक उनके जल्दी स्वस्थ होने को लेकर दुआ कर रहे हैं। भारती ने बैंकॉक से लौटकर एक वीडियो बनाकर ये बताया कि जब से बैंकॉक से लौटी हैं, सुस्त और अस्वस्थ महसूस कर रही हैं। ऐसे में उनके पति हर्ष ने ब्लड टेस्ट करवाने का फैसला लिया है। लेकिन, भारती इंजेक्शन लगने के ख्याल से ही डर कर रोने लगती हैं।

**साल 2024:** ये पिछले साल की बात है जब भारती सिंह बीमार थी। उन्होंने उस दौरान कहा था कि मैं कुछ भी खाने के बाद उल्टी कर देती हूं। साथ ही पेट में दर्द भी होता है। इसके बाद जांच में पता चला था कि भारती के गॉल ब्लेडर में स्टोन है जिसके कारण ऐसा हो रहा है।

साल 2018: भारती सिंह व हर्ष को 3-4 दिन से बुखार था इसके बाद वो अस्पताल गए। जहां पर दोनों डेंगू पॉजिटिव पाए गए थे। अगर इस तरह से वो देरी करते तो डेंगू के कारण स्थिति गंभीर हो सकती थी। हालांकि, कई दिनों के इलाज के बाद दोनों ठीक हो पाए थे।

**साल 2025:** अभी भारती सिंह लगातार आ रहे बुखार से परेशान हैं। अभी इसको लेकर जांच हो रही है। बता दें, एक बार ऐसे ही दिक्कत होने पर डेंगू पॉजिटिव निकली थीं।

# बॉलीवुड के सबसे अमीर एक्टर से चॉल में हुआ निधन

-कैसे बने कंगाल?

भगवान दादा 1950 के दशक में बॉलीवुड का सबसे हाई पैड एक्टर थे। उस जमाने में उनकी गिनती सबसे अमीर एक्टर में होती थी। उन्होंने अपने अनोखे डांस स्टाइल, खासकर हाथों की मूवमेंट और बॉडी लैंग्वेज के लिए खूब लोकप्रियता पाई। उनकी फिल्म 'अल्बेला' (1951) एक सुपरहिट थी, जिसका गाना "शोला जो भड़के..." आज भी सिनेप्रेमियों के बीच जिंदा है।

भगवान दादा ने अपने करियर की शुरुआत मूक फिल्मों से की थी और धीरे-धीरे वे एक अभिनेता, निर्देशक और निर्माता के रूप में स्थापित हो गए। 'अल्बेला' की सफलता के बाद उन्होंने मुंबई में जुहू के पास एक 25 कमरों का बड़ा बंगला और हर दिन चलने के लिए 7 लग्जरी गाड़ियां ले लीं। बता दें भगवान दादा वहीं निर्देशक हैं जिन्होंने सेट पर शूटिंग के लिए असली नोटों की बारिश करवा दी थी।

गवां दी शोहरत और दौलत? भगवान दादा ने 'अल्बेला' की सफलता से प्रेरित होकर और भी कई फिल्में बनाई, लेकिन वे फ्लॉप हो गईं। प्रोडक्शन में लगातार हुए घाटों की वजह से उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा।

रिपोर्ट के मुताबिक 'हसते रहना' फिल्म में उन्होंने किशोर कुमार को बतौर लीड एक्टर साइन किया था लेकिन कहा जाता है किशोर कुमार बार-बार फिल्म को लेकर टिप्पणी किया करते थे। उनके नखरे बढ़ने के कारण भगवान दादा ने फिल्म की शूटिंग बीच में ही रोक दी। जिससे उन्हें बहुत बड़ा नुकसान हुआ। एक समय ऐसा भी आया जब उन्हें अपना बंगला और सारी गाड़ियां बेचनी पड़ीं। क्योंकि इस फिल्म के लिए भगवान दादा ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। अब उनके पैसे इतने पैसे नहीं बचे थे। यह वजह है कि वह मुंबई का जुहू छोड़ बस्ती (चॉल) में रहने लगे थे। एक्टर-निदेशक भगवान दादा दिल का निधन (2002) दौरा पड़ने से हुआ था।

# एक्टर शाइन टॉम चाको और उनके परिवार का हुआ एक्सीडेंट

-पिता की हुई मौके पर मौत

मलयालम और फिल्म 'गुड बैड अग्ली' से दर्शकों के दिल पर राज करने वाले एक्टर शाइन टॉम चाको का एक्सीडेंट हो गया है। इस दौरान उनके पिता की मौके पर ही मौत हो गई और एक्टर और उनके भाई को आनन-फानन में धर्मपुरी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बड़े हादसे के बाद पूरी फिल्म इंडस्ट्री हैरान रह गई है। हर कोई एक्टर के लिए दुआ कर रहा है वहीं, उनके पिता को श्रद्धांजलि दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार बताया जा रहा है कि एक्टर शाइन टॉम चाको और उनके परिवार के साथ यह दुर्घटना तमिलनाडु के धर्मपुरी के पास पलाकोट्टई में सुबह 7 बजे के आसपास हुई है। शाइन अपने माता- पिता और भाई के साथ गाड़ी में मौजूद थे। गाड़ी उनका ड्राइवर चला रहा था। तब ही उनकी कार एक लॉरी से टकरा गई।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर बहुत जोरदार थी। सभी पांच लोगों को चोटें आई हैं और उन्हें तुरंत इलाज के लिए पलाकोट्टई के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। लोगों ने बताया कि एक्टर को हाथ में चोट आई है। सोशल मीडिया पर इस खबर के बाद से तहलका मचा हुआ है। हर कोई अपने फेवरेट एक्टर के बारे में जानना चाहता है। इस भयंकर एक्सीडेंट की तस्वीरें भी इंटरनेट पर वायरल हो रही है। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि टक्कर काफी जोरदार रही होगी, जिस कारण गाड़ी का आगे का हिस्सा पूरी तरह से टूट गया है। वहीं, हॉस्पिटल से एक्टर की एक वीडियो भी सामने आई है जिसमें डॉक्टर उनका इलाज करते दिखाई दे रहे हैं।दुर्घटना के बाद डॉक्टर ने जानकारी दी की इस हादसे में एक्टर के पिता सी.पी. चाको की मौत हो गई है। शाइन टॉम चाको, उनकी मां, भाई और ड्राइवर फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उनकी हालत के बारे में आगे की जानकारी का इंतजार है।

# नागार्जुन के छोटे बेटे अखिल ने जैनब संग रचाई शादी

तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार नागार्जुन के घर में खुशियों ने दस्तक दी है. उनके छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी शादी के बंधन में बंध गए हैं. उन्होंने 6 जून को अपनी गर्लफ्रेंड जैनब रावजी के साथ शादी की है. हैदराबाद के जुबसली हिल्स में नागार्जुन का घर है. उसी घर में दोनों की शादी हुई. अचानक आई इस खबर से पूरा परिवार चर्चा में आ गया है. शादी की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. अखिल और जैनब ने पिछले साल नवंबर में सगाई की थी, जिसकी जानकारी खुद नागार्जुन ने दी थी. वहीं अब वो दोनों शादी के बंधन में बंध चुके हैं और हमेशा-हमेशा के लिए एक दूजे के हो चुके हैं. दोनों की शादी की जो तस्वीरें सामने आई हैं उनमें दोनों की जोड़ी काफी प्यारी लग रही है.

दोनों ने पूरे रीति-रिवाजों के साथ शादी की है. फोटो में नागार्जुन रस्में करते दिखे रहे हैं. तस्वीरों को देखकर लग रहा है कि शादी बेहद सिंपल तरीके से हुई है. जैनब इस दौरान खूबसूरत सी सिल्क साड़ी और गोल्डन ब्लाउज में नजर आ रही हैं. उन्होंने ज्वेलरी भी कैरी कर रखी है. इस लुक में वो काफी प्यार लग रही हैं. अखिल ने शादी में धोती कुर्ता पहना. ट्रेडिशनल आउटफिट में वो भी काफी जच रहे हैं.जैनब और अखिल पिछले तीन साल से एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे. वहीं अब दोनों हमेशा-हमेशा के लिए एक दूसरे को हो चुके हैं. जहां एक तरफ अखिल अपने पिता और बड़े भाई नागा चैतन्य की तरह एक्टर हैं, तो वहीं जैनब एक आर्ट एक्जीबिटर हैं. साथ ही उनका परफ्यूम का भी बिजनेस है. उनके पिता का नाम जुल्फी रावजी है. उनका ताल्लुक कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से है.

## सिंगर सुनंदा शर्मा की कार के तोड़े शीशे



'दुजी वार प्यार' फेम पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा अक्सर सुर्खियों में रहती हैं. अब उन्हें लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है. हाल ही में प्रोड्यूसर पिंकी धालीवाल के साथ विवाद को लेकर सुनंदा काफी चर्चा में रही थीं, जिसके बाद कनाडा में शो को लेकर भी बातें चल रही हैं. वहीं अब लंदन में सुनंदा शर्मा के साथ एक बड़ी वारदात हो गई है. सिंगर सुनंदा शर्मा ने एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में वो एक पार्किंग में नजर आ रही हैं. सुनंदा ने बताया कि उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की गई और उनके दो काफी महंगे बैग भी चुरा लिए गए हैं. सुनंदा की गाड़ी को भी वीडियो में देखा जा सकता है. उनकी गाड़ी की हालत काफी खराब लग रही है.

# हाउसफुल 5' से भी बड़ी स्टारकास्ट!

## इस फिल्म में दिखे थे 31 दिग्गज सितारे

अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फिल्म हाउसफुल 5 सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. हाउसफुल कॉमेडी फिल्मों की काफी पसंदीदा फ्रेंचाइजी है, जिसके लिए लोग काफी वक्त से इंतजार कर रहे थे. हालांकि, ये फिल्म जब फ्लोर पर उतरी तभी से चर्चा में बनी हुई है, जिसकी बड़ी वजह इसकी बड़ी स्टारकास्ट है. इस फिल्म में तकरीबन 19 फिल्मी सितारे शामिल हैं, जिनको लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. हालांकि, हाउसफुल 5 से 18 साल पहले इससे भी ज्यादा स्टार्स एक साथ पर्दे पर नजर आए थे, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था. हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वो ओम शांति ओम है, जो 2007 में आई थी.

ओम शांति ओम में लीड रोल में दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान थे. फिल्म में एक गाना था, जिसका टाइटल दीवानगी था, जिसने एक ही पर्दे के नीचे लगभग 31 फिल्मी सितारों को देखा गया था. फिल्म ने 150 करोड़ रुपए की कमाई की थी. इस गाने में पुराने एक्टर्स के साथ नए एक्टर्स भी शामिल थे. हालांकि, बाद में बताया गया था कि गाने में 31 नहीं बल्कि 40 फिल्मी सितारों को मौजूद होना था, लेकिन कुछ वजहों से कई स्टार्स इसमें शामिल नहीं हो पाए थे. फिल्म में खान की तिकड़ी देखने को मिली था, जिसमें आमिर खान की जगह सैफ अली खान मौजूद थे. आमिर खान अपनी फिल्म तारे जमीन पर की एडिटिंग में बिजी थे, जिसके चलते वो इसका हिस्सा नहीं बन पाए थे. वहीं हाउसफुल 5 की बात की जाए, तो इस फिल्म में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, जैसे और भी कई सारे एक्टर्स शामिल हैं. ये फिल्म 6 जून को रिलीज हुई.

# विक्रांत-शनाया की अनोखी प्रेम कहानी

अगर आप रोमांटिक फिल्मों के दीवाने हैं, तो आपके लिए एक खुशखबरी है। अभिनेता विक्रांत मैसी और शनाया कपूर स्टारर मोस्ट-अवेटेड फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' का टीजर आखिरकार रिलीज हो गया है। निर्देशक संतोष सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर लगभग 1 मिनट लंबा है, जिसमें एक अनोखी और दिल को छू लेने वाली प्रेम कहानी की झलक दिखाई गई है। इसमें दो लोग अचानक मिलते हैं और उनकी खूबसूरत कहानी शुरू होती है। बिना ज्यादा बात किए, इशारों और संगीत के जरिए प्यार गहराता जाता है। डांस के कुछ सीन टीजर को और खास बनाते हैं। विक्रांत मैसी और शनाया कपूर स्टारर फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' का पहला पोस्टर बुधवार को जारी किया गया, जिसमें दोनों कलाकारों की शानदार केमिस्ट्री ने दर्शकों का ध्यान खींचा। यह फिल्म एक म्यूजिकल प्रेम कहानी है, जो भावनाओं, इशारों और प्यार के जादू को खूबसूरती से पेश करती है। खास बात यह है कि शनाया कपूर इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। हाल ही में फिल्म की प्रोड्यूसर मानसी बागला ने शनाया को लॉन्च करने के अपने फैसले पर खुलकर बात की और बताया कि इस भूमिका के लिए वह एक नए चेहरे की तलाश में थीं, और शनाया उन्हें एकदम परफेक्ट लगीं।

# श्रीवल्ली बनी मिसाल

## कमल हासन की फिल्मों में कब दिखेंगी ऐसी हीरोइनें?

आज साउथ की फिल्में पूरी दुनिया में धूम मचा रही हैं. इन फिल्मों का एक्शन हो या इन में नजर आने वाले बड़े-बड़े सेट हो या फिर हीरो का 'मास' स्टाइल हो, कोई इनका मुकाबला नहीं कर सकता. लेकिन, इस चमक-दमक के पीछे एक कड़वी सच्चाई अक्सर छिप जाती है. जो कि है इन फिल्मों में महिलाओं के किरदारों को लेकर नजर आने वाली 'पुरानी सोच'. जहां एक तरफ हमारे देश की बेटियां चांद पर कदम रख चुकी हैं, कॉर्पोरेट बोर्डरूम संभाल रही हैं, वहीं दूसरी तरफ ठग लाइफ जैसी 'पैन-इंडिया' फिल्म 'इस घर की कोई औरत बिना किसी मर्द के बाहर कदम नहीं निकालेगी' जैसे औसत डायलॉग दर्शकों के सामने पेश कर रही है.

दरअसल मणि रत्नम और कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का एक सीन है, जहां हीरो को जेल होती है और जेल जाते समय वो बड़े ही स्वैग के साथ कहता है कि याद रहें इस घर की कोई औरत बिना किसी मर्द के घर से बाहर कदम नहीं निकालेगी, फिर चाहे वो एक बुढ़िया ही क्यों न हो." आज के नारी सशक्तिकरण के दौर में इस तरह का डायलॉग किसी भद्दे मजाक से कम नहीं लगता. इस तरह की सोच जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' में भी नजर आई थी. जहां गांव मुखियां कहता है कि अब औरतें बच्चों को लेकर अपने घर की तरफ चलें, क्योंकि अब युद्ध प्रतियोगिता होगी. सिर्फ देवरा और ठग लाइफ ही नहीं बल्कि ज्यादातर साउथ फिल्मों में इसी तरह की दकियानूसी सोच देखने मिलती है.

इस फिल्म के सिर्फ डायलॉग ही नहीं बल्कि 'ठग लाइफ' के मुख्य किरदार शक्तिवेल (कमल हासन) का महिलाओं से पेश आने का तरीका भी सीधे उसकी नैतिकता पर ही सीधे सवाल खड़ा करता है. एक तरफ वो अपनी पत्नी से प्यार करने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर एक ऐसी महिला के साथ उसका रिश्ता दिखाया गया है, जो उसकी बेटी की उम्र की है. शक्तिवेल इस महिला को 'कोठे से रेस्क्यू' तो करता है, लेकिन क्या यह वाकई 'रेस्क्यू' है.



# 'पारख' ने बदली सोच: पिरामल फाइनेंस की प्रेरणादायक सीरीज़

**अब जिओ हॉटस्टार और सन एनएक्सटी पर उपलब्ध**

पिरामल फाइनेंस की ओर से तैयार की गई डॉक्यूमेंट्री सीरीज़ 'पारख' अब जिओ हॉटस्टार और सन एनएक्सटी जैसे प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर महाराष्ट्र के दर्शकों के लिए उपलब्ध है। यह सीरीज़ उन असल ज़िंदगियों की कहानियों पर आधारित है, जिन्होंने कठिन वित्तीय हालातों के बावजूद उम्मीद, मेहनत और सही मार्गदर्शन के सहारे अपने सपनों को साकार किया।'हम कागज़ से ज़्यादा नीयत देखते हैं. इस विचारधारा को केंद्र में रखते हुए पारख उन आम लोगों की वित्तीय यात्रा को दिखाती है, जिनका पिरामल फाइनेंस ने सहानुभूति और समझदारी के साथ साथ दिया। यह पहल भारत में वित्तीय समावेशन को गति देने के उद्देश्य से की गई है।

सीरीज़ के एक खास एपिसोड में महाराष्ट्र के बलिराम पारदे की प्रेरणा-दायक कहानी को दिखाया गया है, जिनकी सफलता पिरामल फाइनेंस के संवेदनशील दृष्टिकोण का उदाहरण है।

पिरामल फाइनेंस के मार्केटिंग हेड अरविंद अय्यर ने कहा,"पारख सिर्फ एक शो नहीं, बल्कि लोगों की नीयत और आत्मबल को पहचानने वाली हमारी सोच का प्रतीक है। यह उधारी को सिर्फ कर्ज नहीं, बल्कि बदलाव का ज़रिया मानता है।"

उन्होंने यह भी जोड़ा कि महाराष्ट्र जैसे टियर-2 और टियर-3 क्षेत्रों में बढ़ते ओटीटी दर्शकों तक इस सीरीज़ की पहुंच से वित्तीय सशक्तिकरण की बातें आम लोगों तक बेहतर ढंग से पहुँच सकेंगी।

# इंग्लैंड दौरे पर गई टीम इंडिया, रोहित-विराट की कमी कर रहे फैंस

**लंदन.** रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद शुभमन गिल की अगुवाई में टीम इंडिया एक नया इतिहास रचने के लिए इंग्लैंड पहुंच चुकी है, लेकिन फैंस अभी भी इन दोनों खिलाड़ियों को मिस कर रहे हैं. तभी तो इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले मुंबई एयरपोर्ट पर जब ऋषभ पंत से रोहित शर्मा को बारे में पूछा गया तो उन्होंने काफी मजेदार जवाब दिया. जिसे सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे. ऋषभ पंत इस समय टीम इंडिया के उप कप्तान हैं और इंग्लैंड दौरे पर उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद फैंस लगाए हुए हैं.

**ऋषभ पंत ने ये दिया जवाब**

इंग्लैंड जाने से पहले मुंबई एयरपोर्ट पर एक पैपराजी ने ऋषभ पंत से पूछा कि रोहित शर्मा कहां हैं? इस पर टीम इंडिया के उप कप्तान ने कहा, "गार्डन में घूम रहे हैं". इसे सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

ऋषभ से पूछा गया कि क्या उन्हें रोहित की याद आएगी? तो उन्होंने कहा, "हां, जरूर आएगी". टेस्ट मैचों के दौरान रोहित शर्मा की आवाज कई बार स्टंप माइक में कैद हो जाती थी. इसी तरह का एक वाकया विशाखापट्टनम में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दौरान हुआ था.

**रोहित ने कही थी मजेदार बात**

पिछले साल इंग्लैंड की टीम भारत दौरे पर आई थी. इस दौरान विशाखापट्टनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दौरान फील्डिंग करते हुए रोहित शर्मा की एक मजेदार बात स्टंप माइक में कैद हो गई थी. उन्होंने कहा था, "कोई गार्डन में घूमता हुआ नहीं दिखना चाहिए". रोहित की ये बात काफी वायरल हुई थी. उस सीरीज को जीतने के बाद रोहित शर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर भी अपलोड की, जिसका कैप्शन था, "गार्डन में घूमने वाले बंदे." आईपीएल 2025 के दौरान टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले ली थी. इसके बाद शुभमन गिल को टेस्ट टीम का नया कप्तान बनाया गया है. जबकि ऋषभ पंत को टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया है.

# एक और टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी, भारत-पाक की भागीदारी पर सस्पेंस

**नई दिल्ली.** टी20 वर्ल्ड कप के बाद एक और टी20 वर्ल्ड कप कराने की तैयारी चल रही है, लेकिन इसमें भारत और पाकिस्तान की टीमें हिस्सा लेंगी या नहीं, ये निश्चित नहीं है. इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के चीफ एग्जीक्यूटिव रिचर्ड गोल्ड ने दावा है कि टी20 क्रिकेट को और बढ़ावा देने के लिए वर्ल्ड क्लब चैंपियनशिप टूर्नामेंट की शुरुआत हो सकती है. दुनियाभर में ऐसी कई फ्रेंचाइजी लीग हैं जिसमें काफी खिलाड़ी हिस्सा लेना चाहते हैं. ऐसा ही टूर्नामेंट पहले भी खेला जाता था जिसका नाम चैंपियंस लीग टी20 था. यह टूर्नामेंट काफी सफल भी रहा था, लेकिन थोड़े समय बाद इसे बंद कर दिया गया था.

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के चीफ एग्जीक्यूटिव रिचर्ड गोल्ड ने बताया कि इसको लेकर हम बातचीत कर रहे हैं और इसमें कोई भी शक नहीं है कि किसी न किसी समय वर्ल्ड क्लब चैंपियनशिप जरूर खेला जाएगा. सबसे अच्छी बात यह है कि यह टूर्नामेंट पुरुष और महिला दोनों के लिए आयोजित होगा. हमारा अगला स्टेप यही होने वाला है. चैंपियंस लीग टी20 टूर्नामेंट 2009 से 2014 तक खेला गया था. इस टूर्नामेंट को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और क्रिकेट साउथ अफ्रीका द्वारा आयोजित कराया गया था, लेकिन 6 सीजन के बाद इसे बंद कर दिया गया. ऑर्गेनाइजर का मानना था कि लोग इस टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित नहीं है.

**इंडियन फ्रेंचाइजी भी इस टूर्नामेंट को लेकर खुश**

वर्ल्ड क्लब चैंपियनशिप के लिए कई लोग काफी उत्साहित हैं. यही नहीं 10 में से 8 आईपीएल मालिक और महिला प्रीमियर लीग की पांच टीम में से चार फ्रेंचाइजी ने इस टूर्नामेंट को लेकर उत्साह जताई है. आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने पिछले महीने बताया था कि अगर इससे ग्लोबल स्टेज में क्रिकेट को वैल्यू मिलती है तो हम भी इसमें जरूर भाग लेना चाहेंगे. पिछले साल गुयाना ने ग्लोबल सुपर लीग की शुरुआत की थी, जिसमें 5 अलग-अलग लीग की टीमों ने हिस्सा लिया था.

टूर्नामेंट का दूसरा सीजन जुलाई में होगा और इसमें ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग, न्यूजीलैंड का सुपर स्मैश टूर्नामेंट और यूएई की आईएलटी20 लीग के चैंपियन भाग लेंगे. अभी तक सिर्फ इन तीन को आमंत्रण दिया गया है. अब देखना यह होगा कि इस टूर्नामेंट के दूसरे सीजन में कौन-कौन सी टीम हिस्सा लेती है?

# बेंगलुरु भगदड़ केस में आरसीबी की बढ़ीं मुश्किलें

**बेंगलुरु.** बेंगलुरु भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. अपनी पहली ट्रॉफी का जश्न टीम अभी ठीक से मना भी नहीं पाई कि टीम से जुड़े कुछ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इसमें दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के एक करीबी भी हैं. आरसीबी की विक्ट्री परेड के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी. इसके बाद पुलिस एक्शन में आ गई है और इस मामले से जुड़े लोगों को हिरासत में ले रही है. इसी के तहत आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसले को पुलिस ने बेंगलुरु एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया है.

**पुलिस ने लिया एक्शन**

बेंगलुरु पुलिस ने डियाजियो इंडिया में आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसले को मुंबई की फ्लाइट पकड़ने की कोशिश करने के दौरान बेंगलुरु एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है. पुलिस उनसे जानने की ये कोशिश कर रही है कि

आखिरी इस मामले की पीछे की असली वजह क्या है? इसके अलावा पुलिस ने इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए के सुनील मैथ्यू को भी गिरफ्तार किया है. डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड आरसीबी की विक्ट्री परेड की इवेंट मैनजमेंट की जिम्मेदारी संभाल रही थी. वहीं कर्नाटक क्रिकेट संघ के सचिव शंकर और कोषाध्यक्ष जयराम फरार चल रहे हैं. निखिल आरसीबी की शानदार ब्रांडिंग का सबसे बड़ा चेहरा हैं.रिपोर्ट्स के मुताबिक निखिल साल 2008 से टीम के साथ जुड़े हुए हैं.

**अनुष्का शर्मा की दोस्त हैं निखिल की पत्नी**

आईपीएल 2025 के दौरान अनुष्का शर्मा के साथ एक महिला को अक्सर मैच लुत्फ उठाते हुए देखा जाता था, वो कोई और नहीं बल्कि निखिल सोसले की पत्नी मालविका नायक थीं. वो निखिल की ही तरह बतौर बिजनेस डेवलपमेंट और बिजनेस पार्टनर का काम करती हैं. निखिल और मालविका के साथ विराट और अनुष्का के करीबी संबंध हैं.

**सीएम ने लिया बड़ा एक्शन**

बेंगलुरु भगदड़ मामले में सीएम सिद्धारमैया ने पुलिस को इसका जिम्मेदार माना था. जिसके बाद पुलिस कमिश्नर समेत कई अफसर सस्पेंड कर दिये गए थे. बाद में कर्नाटक के आईपीएस अधिकारी सीमांत कुमार सिंह को बेंगलुरु का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया था. इसके बाद से पुलिस लगातार मामले की जानकारी जुटा रही है.

# विराट कोहली ने 18वें सीजन में पूरा किया सालों पुराना सपना

**नई दिल्ली.** पिछले कुछ दिनों से भारतीय क्रिकेट में सिर्फ एक ही नंबर छाया हुआ है. ये है 18. वजह हैं विराट कोहली, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और आईपीएल 2025 सीजन. टीम इंडिया में 18 नंबर की जर्सी को हमेशा के लिए अमर करने वाले विराट कोहली और उनकी फ्रेंचाइजी आरसीबी का इंतजार खत्म हो गया. आखिरकार आईपीएल के 18वें सीजन में कोहली और बेंगलुरु ने पहली बार खिताब जीत लिया. इसके बाद अब नजरें टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर पर टिक गई हैं. क्या वो 18 साल से चल रहे दूसरे इंतजार को खत्म कर सकेंगे?

**18 साल से जारी टीम इंडिया का इंतजार**

9 मार्च को टीम इंडिया के चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने के बाद से ही हेड कोच गौतम गंभीर ब्रेक पर थे. गंभीर के छोटे से कार्यकाल में ही टीम इंडिया ने ये यादगार सफलता देख ली है. मगर अभी भी टेस्ट क्रिकेट के मोर्चे पर बड़ी नाकामियां ही मिली हैं. ऐसे में इस फॉर्मेट में टीम इंडिया के प्रदर्शन में सुधार करना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है. इस चुनौती का पहला पड़ाव ही इंग्लैंड का दौरा है, जो टीम इंडिया के लिए सबसे मुश्किल साबित हुआ है.

गंभीर और नए कप्तान शुभमन गिल के सामने इस पड़ाव को पार करना ही सबसे बड़ी चुनौती है. ये ऐसी चुनौती है, जिसके सामने टीम इंडिया पिछले 18 साल में हर बार नाकाम रही है. जहां टीम इंडिया ने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया में दो बार टेस्ट सीरीज जीती, वहीं इंग्लैंड से वो खाली हाथ ही लौटी है. भारतीय टीम ने आखिरी बार 2007 में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीती थी. गंभीर उस सीरीज का हिस्सा थे लेकिन इसके बाद सिर्फ नाकामी ही मिली.

2011 में इंग्लैंड ने भारत को 4-0 से रौंदा था. इसके बाद 2014 में भी टीम इंडिया के हाथों 1-3 से शिकस्त ही आई थी. 2018 में जब लग रहा था कि इस बार सफलता मिलेगी, तब भी इंग्लैंड ने 4-1 से सीरीज जीती थी. हालांकि 2021-22 में टीम इंडिया इतिहास रचने के सबसे करीब थी और सीरीज में 2-1 से आगे थी. मगर तब कोरोना संक्रमण के कारण आखिरी टेस्ट रद्द करना पड़ा था. ये टेस्ट 2022 में खेला गया, जिसे इंग्लैंड ने जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर कर ली थी.

क्या गंभीर-गिल कर पाएंगे आरसीबी जैसा कमाल?

अब एक बार फिर भारतीय टीम इंग्लैंड की जमीन पर उतर रही है. नजरें इस पर ही हैं कि क्या वो 18 साल से चले आ रहे इंतजार को खत्म कर पाएगी या नहीं? हालांकि इस बार उससे उम्मीदें पहले से काफी कम हैं क्योंकि टीम में विराट कोहली, रोहित शर्मा, मोहम्मद शमी और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज नहीं हैं.

एक नया कप्तान है और कुछ नए और कई कम अनुभवी खिलाड़ी हैं. ऐसे में उम्मीदें कम हैं लेकिन उम्मीदें तो आईपीएल 2025 सीजन शुरू होने से पहले आरसीबी से भी ज्यादातर लोगों को नहीं थीं. मगर 18 के संयोग ने इस बार उसे बदल दिया. क्या गंभीर और गिल भी ऐसा कुछ कर पाएंगे?

## गुकेश की धमाकेदार चौथी जीत

**ओस्लो.** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे चेस टूर्नामेंट 2025 में अपनी चौथी क्लासिकल जीत हासिल करते हुए शतरंज के इतिहास में अपना नाम दर्ज करना जारी रखा है। सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन ने चीन के वेई यी को हराकर 14.5 अंक हासिल किए और अपने और टूर्नामेंट लीडर मैग्नस कार्लसन के बीच अंतर को केवल आधे अंक तक सीमित कर दिया।

गुकेश का प्रदर्शन सामरिक प्रतिभा और दबाव में शांत रहने का मिश्रण रहा है, जो वैश्विक मंच पर इतनी कम उम्र में शायद ही देखने को मिले। उनकी हालिया जीत ने उन्हें सर्जिकल सटीकता के साथ एक तेज मध्य खेल में नेविगेट करते हुए, एक जटिल एंडगेम में वेई यी को मात देते हुए.

# पीकेएल 12 ऑक्शन में लगी करोड़ों की बोली

**नई दिल्ली.** हर बार की तरह प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के प्लेयर ऑक्शन में खूब धनवर्षा देखने को मिली। कई फ्रेंचाइजी ने दुनिया भर से बेहतरीन प्रतिभाओं को हासिल करने के लिए बहुत ज्यादा पैसे खर्च किए। 2014 में अपनी शुरुआत के बाद से इस लीग ने कई कबड्डी सितारों को करोड़पति बना दिया है। प्रो कबड्डी लीग ने सीजन 6 में अपना पहला 1 करोड़ रुपए का खिलाड़ी देखा, जब यू मुंबा ने ईरानी डिफेंडर फजल अत्राचली को साइन किया। इसके बाद यह मानक और भी ऊंचा होता गया है। कुछ शीर्ष खिलाड़ियों ने 2 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार किया है। पीकेएल 12 में भी यही स्थिति रही, तभी तो लीग के इतिहास में पहली बार एक ही संस्करण में 10 खिलाड़ियों ने एक करोड़ रुपए का जादुई आंकड़ा पार किया। ऐसे में आइए पीकेएल इतिहास के पांच सबसे महंगे खिलाड़ियों पर डालते हैं एक नजर..

पवन सहरावत (2.605 करोड़ रुपए)

प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 की नीलामी में पवन सहरावत पीकेएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए, जब तेलुगु टाइटन्स ने उन्हें 2.605 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे पहले उन्हें तमिल थलाइवाज ने सीजन-9 के लिए ऑक्शन में 2.26 करोड़ रुपए में साइन किया था। हालांकि पीकेएल के 12वें सीजन के लिए हुई नीलामी में पवन सहरावत को तमिल थलाइवाज ने 59.5 लाख रुपए में खरीदा। प्रो कबड्डी लीग के पिछले सीजन में पवन सहरावत टाइटंस ने अपने एफबीएम (फाइनल बिड मैच) कार्ड का इस्तेमाल कर इस ऑलराउंडर को 1.725 करोड़ में अपने साथ बनाए रखा था।

**मोहम्मदरेजा शादलोई चियानेह (2.35 करोड़ रुपए)**

पिछले साल हरियाणा स्टीलर्स को खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाने वाले ईरान के ऑलराउंडर शादलोई इस साल की नीलामी में भी सबसे ज्यादा मांग वाले खिलाड़ी रहे। हरियाणा स्टीलर्स ने पिछले सीजन उन्हें 2.07 करोड़ रुपए में साइन किया था। वहीं पुनेरी पलटन ने उन्हें सीजन 9 में 2.35 करोड़ रुपए में खरीदा। इस कदम से पुनेरी पलटन को 2023 में अपना पहला खिताब हासिल करने में मदद मिली। 2025 की नीलामी में उन्हें फिर से 2 करोड़ रुपए से ज्यादा की बोली मिली, जिसमें गुजरात जायंट्स ने 2.23 करोड़ रुपए में उनकी सेवाएं हासिल कीं।

**देवांक दलाल (2.205 करोड़ रुपए)**

देवांक दलाल पीकेएल 11 के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी थे, जिन्होंने अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। हरियाणा के 22 वर्षीय रेडर ने एक ही सीजन में 300 रेड पॉइंट हासिल करने वाले पहले रेडर बनकर सभी रिकॉर्ड तोड़े। ऐसे में यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी कि वह पीकेएल 2025 ऑक्शन में सबसे अधिक मांग वाले खिलाड़ियों में से एक के रूप में उभरे।

# साउथ अफ्रीका के रॉब वाल्टर बने न्यूजीलैंड के हेड कोच

**केप टाउन.** साउथ अफ्रीका को व्हाइट-बॉल क्रिकेट में एक नए मुकाम तक पहुंचाने वाले दिग्गज ने अब न्यूजीलैंड क्रिकेट को कोचिंग देने का फैसला किया है. उन्हें न्यूजीलैंड टीम के तीनों फार्मेट का हेड कोच बनाया गया है. वो अगले तीन सालों तक किवी टीम के खिलाड़ियों को कोचिंग देंगे. इससे पहले उन्होंने व्हाइट बॉल क्रिकेट में साउथ अफ्रीका को नई ऊंचाई तक लेने जाने में अहम भूमिका निभाई थी. इन्हीं की कोचिंग में साउथ अफ्रीका ने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल खेला था. इसके अलावा इस दिग्गज कोच रॉब वाल्टर का एक चेला आईपीएल में भी खेलता है. जिसे इस बार सनराइजर्स हैदराबाद ने 23 करोड़ रुपये में रिटेन किया था, लेकिन अब रॉब वाल्टर ने साउथ अफ्रीकी टीम से नाता तोड़ लिया है.

**तीन सालों तक देंगे कोचिंग**

साउथ अफ्रीकी टीम से अलग होने के बाद अब रॉब वाल्टर अगले तीन सालों तक न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को कोचिंग देंगे. उन्हें तीनों फॉर्मेट का हेड कोच बनाया गया है. उनकी कोचिंग में न्यूजीलैंड की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27, 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप और 2026 और 2028 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलेगी. इसके अलावा 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भी न्यूजीलैंड की टीम हिस्सा लेगी. वाल्टर जुलाई में जिम्बाब्वे दौरे से पहले टीम से जुड़ जाएंगे. न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक ने कहा कि हम रॉब का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं. वो अगले तीन सालों तक टीम को कोचिंग देंगे.

**साउथ अफ्रीका की क्रिकेट को नई ऊंचाई तक पहुंचाया**

वाल्टर ने अपनी कोचिंग के दौरान साउथ अफ्रीका को व्हाइट बॉल में एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया है. उनकी कोचिंग में टीम 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी. इसके अलावा पिछले साल हुए टी20 वर्ल्ड कप में टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया था, जहां टीम इंडिया ने उसे हराकर खिताब जीता था. इसके अलावा साउथ अफ्रीकी टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल तक पहुंची थी. वाल्टर की कोचिंग में साउथ अफ्रीकी टीम में बड़ा बदलाव देखने को मिला था.

उनकी कोचिंग में कई क्रिकेटरों के खेल में निखार आया है. इसमें सबसे बड़ा नाम हेनरिक क्लासेन का है. आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलने वाले क्लासेन ने इस सीजन में शानदार शतक भी लगाया था.

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज 20 जून से, शुरू होगा एक नया दौर

**नई दिल्ली.** आईपीएल 2025 का रोमांच अभी-अभी खत्म हुआ ही है और अब जल्द ही भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट क्रिकेट का एक्शन शुरू होने जा रहा है. दोनों देशों के बीच 20 जून से 5 टेस्ट मैच की सीरीज शुरू हो रही है. इस सीरीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार है क्योंकि पिछले एक दशक में पहली बार टीम इंडिया में रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज नहीं होंगे. ऐसे में ये सीरीज एक नये दौर की शुरुआत जैसी होगी. मगर इस सीरीज को और भी खास बनाने जा रहे हैं सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन, जो अब इस सीरीज की पहचान बन गए हैं.

तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के लिए टक्कर

20 जून से शुरू होने वाली इस बहुप्रतीक्षित टेस्ट सीरीज से पहले एक बड़ी खबर सामने आई है. बीबीसी स्पोर्ट की रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज अब दोनों देशों के दो महान खिलाड़ियों के नाम पर होगी. रिपोर्ट में बताया गया है कि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस टेस्ट सीरीज में विजेता को मिलने वाली ट्रॉफी को पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम पर रखने का फैसला किया है.जानकारी के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में इस ट्रॉफी से पर्दा हट जाएगा, जिसे तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कहा जाएगा. लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर 20 जून से सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा और उस वक्त इस ट्रॉफी को पेश किया जा सकता है. हालांकि, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक इसका ऐलान नहीं किया है लेकिन अगले कुछ दिनों में वो इसे आधिकारिक कर देगा. उम्मीद की जा सकती है कि ट्रॉफी के अनावरण के दौरान तेंदुलकर और एंडरसन मौजूद रहेंगे. साथ ही सीरीज जीतने वाली टीम को ट्रॉफी भी इन दोनों दिग्गजों के हाथों से दिए जाने की उम्मीद फैंस को रहेगी.

## बीसीसीआई भी बदलेगी ट्रॉफी का नाम?

हालांकि, फिलहाल ये साफ नहीं है कि क्या इस ट्रॉफी को दोनों देशों में खेली जाने वाली सीरीज में ही इस्तेमाल किया जाएगा या नहीं. इस दौरे से पहले तक दोनों टीम के बीच इंग्लैंड में खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज को पदौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था. इस ट्रॉफी की शुरुआत इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड की ओर से की गई थी. हालांकि, ईसीबी ने कुछ महीने पहले ही पटौदी परिवार को बता दिया था कि वो आगे इस ट्रॉफी को जारी नहीं रखेंगे. इसके बाद ही अब इसे नए दिग्गजों के नाम पर रखा जाएगा. दूसरी ओर भारत में खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज की विजेता को एंथनी डिमेलो ट्रॉफी मिलती है. अब देखना ये है.

# पीएम मोदी का पाकिस्तान पर करारा हमला

## > आतंकवाद पर दिया सख्त संदेश

**श्रीनगर.**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कटरा में पाकिस्तान पर जमकर हमला बोला है। पीएम मोदी ने कहा कि आज से ठीक एक महीने पहले पाकिस्तान में कयामत बरसी थी।

अब पाकिस्तान कभी भी ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनेगा तो उसे अपनी शर्मनाक शिकस्त याद आएगी। हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह इंसानियत पर हमला था। हमारा पड़ोसी मानवता का विरोधी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उसका इरादा भारत में दंगे कराने का था, कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई रोकने का था। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का नौजवान अब आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने का मन बना लिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आपने देखा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने कैसे आत्मनिर्भर भारत की ताकत दिखाई है। आज दुनिया भारत के डिफेंस इकोसिस्टम की चर्चा कर रही है। इसके पीछे सिर्फ एक वजह है। हमारी सेना का मेक इन इंडिया पर भरोसा। हर भारतीय को वही दोहराना है जो सेना ने किया है।

इस साल के बजट में हमने मिशन मैन्यूफैक्चरिंग की घोषणा की है। मैं जम्मू-कश्मीर के युवाओं से इस मिशन से जुड़ने का आग्रह करना चाहता हूं। आपके विचार और कौशल भारत की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि चिनाब ब्रिज हो या फिर अंजी ब्रिज हो ये जम्मू-कश्मीर की समृद्धि का जरिया बनेंगे। इससे टूरिज्म तो बढ़ेगा ही इकोनॉमी के दूसरे सेक्टर्स को भी लाभ होगा।

जम्मू कश्मीर की रेल कनेक्टिविटी दोनों क्षेत्रों के कारोबारियों के लिए नए अवसर बनाएगी। इससे यहां की इंडस्ट्री को गति मिलेगी।

### मां भारती का मुकुट है जम्मू कश्मीर

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, मां भारती का मुकुट है। ये मुकुट एक से बढ़कर एक खूबसूरत रत्नों से जड़ा हुआ है। ये अलग-अलग रत्न, जम्मू कश्मीर का सामर्थ्य हैं। यहां की पुरातन संस्कृति, यहां के संस्कार, यहां की आध्यात्मिक चेतना, प्राकृति का सौंदर्य, यहां की जड़ी बूटियों का संसार, फलों और फूलों का विस्तार, यहां के युवाओं में जो कौशल है वो मुकुट मणि की तरह चमकता है।

# इन राज्यों में होगी भारी बारिश

**नई दिल्ली.**

देशभर में बारिश को दौर शुरू हो गया है। पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश के कारण कई जगह बाढ़ के हालात बने हुए है। इसी बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। आईएमडी के अनुसार, अगले 7 दिनों के दौरान पूर्वोत्तर भारत में अधिकांश स्थानों पर हल्की मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, कई जगह बारिश के दौरान तेज हवाएं और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

09-12 जून के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। 06 और 07 जून को त्रिपुरा और 09-11 जून के दौरान नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी वर्षा हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 7 दिनों के दौरान उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कुछ स्थानों पर हल्की/मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना है। 06 और 07 जून को मध्य प्रदेश में अलग-अलग/कुछ स्थानों पर हल्की/मध्यम वर्षा के साथ आंधी, बिजली और 40-50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएं चलने की संभावना है। 06-10 जून के दौरान विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा; 06 को पश्चिम बंगाल, बिहार में गंगा के मैदानी क्षेत्र, 10-12 जून के दौरान बिहार, झारखंड में तेज हवाएं चलेंगी। 06-08 जून के दौरान पूर्वी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर हल्की/मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 11 और 12 जून को जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश में। 08-10 जून के दौरान पश्चिमी राजस्थान में धूल भरी हवाएं (30-40 किमी प्रति घंटे की गति) चलने की संभावना है।

अगले 7 दिनों के दौरान केरल और माहे, तटीय कर्नाटक में कई/कुछ स्थानों पर हल्की/मध्यम वर्षा हो सकती है। 06-10 जून के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, रायलसीमा और कर्नाटक में गरज, बिजली और 30-40 किमी प्रति घंटे की गति तक पहुंचने वाली तेज हवाओं के साथ कुछ/छिटपुट स्थानों पर हल्की/मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

# गंभीर अपराधों में जमानत पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## >पटना हाईकोर्ट का फैसला पलटा

**नई दिल्ली.**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत बिना सोच-विचार के नहीं दी जानी चाहिए. जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को अग्रिम जमानत दिए जाने के आदेश को खारिज करते हुए ये टिप्पणी की.पीठ ने अपने आदेश में कहा, पटना उच्च न्यायालय के आदेश में, आईपीसी की धारा 302, 307 के तहत गंभीर अपराध से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत देने का कोई आधार नहीं बताया गया है.

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि ये समझ से परे है कि आदेश क्यों दिया गया. गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में, इस तरह से बिना सोच-विचार किये अग्रिम जमानत देना उचित नहीं है और इसे रद्द किया जाना चाहिए. एफआईआर और दूसरी चीजों को सरसरी तौर पर पढ़ने पर अदालत ने पाया कि अपील करने वाले के पिता पर हमला किया गया और उसकी हत्या अपील करने वाले की मौजूदगी में की गई. ऐसे में, अदालत ने कुछ गंभीर बातें की.

ये आदेश मृतक के बेटे की ओर से दायर याचिका पर आया है, जिसमें अग्रिम जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी.याचिकाकर्ता के पिता पर 2023 में पड़ोसियों के बीच विवाद होने के दौरान सरिया और लाठियों से हमला किया गया था. सिर में चोट लगने के कारण उसी दिन उनकी मृत्यु हो गई और अपील करने वाले के बयान के आधार पर सात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई.

सर्वोच्च अदालत ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि ये घटना एक रास्ते को रोकने से जुड़े विवाद से उपजी है. जैसा कि एफआईआर में भी कहा गया है, आरोपियों की अहम भूमिकाएं इस बात का संकेत देती हैं कि पीड़ित (जिसकी बाद में मृत्यु हो गई) के अचेत हो जाने के बाद भी उन्होंने हमला जारी रखा.

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय मामले में आरोपों की गंभीरता और प्रकृति को समझने में साफ तौर पर नाकाम रहा. इसलिए, आरोपी को आठ सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है.

# नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़

**हैदराबाद.**

भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों की बढ़ती समस्या के खिलाफ तेलंगाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव में एक फार्महाउस से राजेंद्र चेचानी उर्फ़ राजू चेचानी को गिरफ्तार किया है। चेचानी देशभर में नकली कृषि रसायनों के निर्माण और वितरण का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। गिरफ्तारी तेलंगाना पुलिस की एलबी नगर थाने में दर्ज एफआईआर संख्या 831/2024 के आधार पर की गई। जुलाई 2024 में हैदराबाद में राजेश नामक व्यक्ति के गोदाम से बड़ी मात्रा में नकली कीटनाशक बरामद होने के बाद जांच में चेचानी का नाम सामने आया था। चेचानी पर आरोप है कि वह बीते सात वर्षों से देशभर के 11 राज्यों – दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, यूपी, एमपी, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक – में फैले नेटवर्क के जरिए नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता रहा है। उसके चित्तौड़गढ़ स्थित फार्महाउस और "माहेश्वरी बीज एवं कीटनाशक" नामक दुकान पर छापा मारकर तेलंगाना पुलिस ने विभिन्न ब्रांडों की नकली पैकिंग सामग्री और तैयार उत्पाद जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

इन नकली उत्पादों को असली ब्रांड्स की तरह पैक किया जाता था, लेकिन इनके घटक या तो अप्रभावी होते थे या फसलों के लिए नुकसानदायक। इससे न सिर्फ किसानों को आर्थिक नुकसान होता, बल्कि खाद्य सुरक्षा और कृषि उत्पादन पर भी असर पड़ता।

तेलंगाना पुलिस की इस कार्रवाई को कृषि क्षेत्र की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि चेचानी की गिरफ्तारी से नकली कृषि रसायनों की देशव्यापी आपूर्ति श्रृंखला को बड़ा झटका लगेगा। विभिन्न राज्यों में उसके खिलाफ दर्ज अन्य मामलों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

# 'आईएनएस अर्नाला' से बढ़ेगी नौसेना की ताकत

# सऊदी अरब में पहले क्यों होती है बकरीद?

**रियाद.**

भारत में अक्सर लोगों को यह सवाल सताता है कि सऊदी अरब में बकरीद (ईद-उल-अज़हा) एक दिन पहले क्यों मनाई जाती है, जबकि भारत और सऊदी अरब दोनों ही मुस्लिम बहुल त्योहारों को चाँद के कैलेंडर के आधार पर तय करते हैं। ईद-उल-अज़हा, जिसे बकरीद कहा जाता है, हज यात्रा के साथ जुड़ा हुआ पर्व है। हज के पांचवें दिन, यानी 10 ज़िल-हिज्जा को मक्का के पास मिना में जानवर की कुर्बानी दी जाती है।

चूंकि हज सऊदी में ही होता है, इसलिए वहां का कैलेंडर प्राथमिक माना जाता है और बकरीद उसी दिन तय होती है। सऊदी अरब में इस साल 16 लाख से अधिक मुस्लिम हज करने के लिए पहुंचे। ध्यान रहे कि 30 बरसों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब इतने कम लोग हज करने पहुंचे।

इसके बाद गुरुवार को ईद मनाई गई। इस बार अरब में 6 जून और भारत में 7 जून को ईद है। आइए जानते हैं इसके पीछे की धार्मिक और खगोलीय वजह।

भारतीय हाजियों का पहला जत्था 11 जून 2025 को सऊदी अरब से भारत लौटना शुरू होगा। यह जानकारी हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी हज उड़ान शेड्यूल से प्राप्त हुई है।

इस वर्ष भारत का हज कोटा 1,75,025 निर्धारित किया गया है, जिसमें से 122,518 हाजियों की व्यवस्था हज कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से की गई है । सभी हाजी 11 जून से 10 जुलाई 2025 तक विभिन्न उड़ानों के माध्यम से भारत लौटेंगे।

# विदेशी मंचों पर भी पाकिस्तान की पोल खुली

**नई दिल्ली.**

भारत द्वारा पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेशी दौरे से लौटे एक प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्वकर्ता बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा ने बताया कि सऊदी अरब, बहरीन, अल्जीरिया और कुवैत जैसे मुस्लिम देशों ने पाकिस्तान को आतंकवाद की जड़ माना है। इन इस्लामिक देशों ने भारत के साथ अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए भविष्य के लिए भारत को एक अवसर के रूप में बताया। एक इंटरव्यू में पांडा ने कहा कि इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआइसी) से जुड़े इन चार देशों की प्रतिक्रियाएं आश्चर्यजनक रहीं।

पांडा ने यह भी कहा कि इन देशों ने पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों और उसकी सेना के धन के दुरुपयोग को पहचाना। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का समर्थन किया। पांडा ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान ने अपनी परमाणु शक्ति का उपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए किया, जिसे इन देशों ने नकारात्मक रूप से देखा।

बेल्जियम में भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद पर यूरोपीय देशों की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। पूर्व मंत्री एमजे अकबर ने पश्चिमी देशों पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमरीका को आतंक के खिलाफ दूर जाकर भी कार्रवाई की छूट मिलती है, जबकि भारत से संयम की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने पूछा, क्या भारतीय जीवन कम कीमती है? प्रतिनिधिमंडल इससे पहले ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली और डेनमार्क का दौरा कर चुका है।

पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने अपनी 'एक्स' पोस्ट को लेकर उठे विवाद पर सफाई देते हुए कहा कि उनका बयान कांग्रेस के खिलाफ नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए था जो खुद को देशभक्त नहीं मानते।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने ही उन्हें विदेश दौरे पर भेजा था, ऐसे में पार्टी के खिलाफ ट्वीट का सवाल ही नहीं उठता।

# एक ही पेड़ से मिलेंगे 121 प्रकार के आम

**लखनऊ.**

आम के एक ही पेड़ पर 121 किस्म के आम लगने की बात कहें तो भरोसा नहीं होगा, लेकिन यह 100 फीसदी सच है. सहारनपुर के कंपनी गार्डन में आम के एक 15 साल पुराने पेड़ पर 121 किस्म के आमों की पैदावार होती है. करीब 9 साल पहले कंपनी बाग में यह अनोखा प्रयोग किया गया था, जिसका मकसद आम की नई-नई किस्म पर शोध करना था. साथ ही आम के शौकीनों को एक ही जगह पर कई आम की कई किस्मों का स्वाद देना भी था, जो कि सफल हो गया है.

आम उत्पादन के मामले में पश्चिमी यूपी के सहारनपुर का नाम सबसे पहले आता है. जिले की फल पट्टी में आम की बागवानी जमकर की जाती है. जिस कारण सहानपुर में आम की नई-नई किस्म पर शोध भी हुए हैं. करीब 9 साल पहले सहारनपुर के कंपनी बाग में आम के एक पेड़ पर अनोखा प्रयोग किया गया था. औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र के तत्कालीन संयुक्त निदेशक राजेश प्रसाद ने आम के एक ही पेड़ पर 121 किस्म के आम की कलम (ब्रांच) लगाई थीं.

अब इस पेड़ पर अलग-अलग तरह के आम जैसे कि दशहरी, लंगड़ा, चौंसा, रामकेला, आम्रपाली, सहारनपुर अरुण, सहारनपुर वरुण, सहारनपुर सौरभ, सहारनपुर गौरव, सहारनपुर राजीव, लखनऊ सफेदा, टॉमी ऐट किंग्स, पूसा सूर्या, सैंसेशन, रटौल, कलमी मालदा, बांबे, स्मिथ, मैंगीफेरा जालोनिया, गोला बुलंदशहर, लरन्कू, एलआर स्पेशल, आलमपुर बेनिशा, असौजिया देवबंद समेत 121 किस्म के आम लगते हैं.

ओद्योनिक प्रयोग व प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारियों का कहना है कि आम के पेड़ पर शोध कार्य किए गए हैं. जिस पर अलग-अलग किस्म के आम की ब्रांच लगाई गई थीं. अब पेड़ पर अलग-अलग किस्म के आम लगते हैं. अब नई प्रजातियों पर भी शोध कार्य चल रहे हैं, जिससे बेहतर किस्म के आम की पैदावार की जा सके. अधिकारियों का कहना है कि जो लोग आम के शौकीन हैं, वो अपने किचन गार्डन या अपने निजी फार्म हाउस पर भी इसी तरह का प्रयोग करके आम की कई किस्मों का आनंद ले सकते हैं

# स्मार्ट सिटी के अमृत सरोवर में सूखा

## >उद्घाटन के बाद भी पानी नहीं!

**बरेली.**

बरेली शहर के बीचों-बीच संजय कम्युनिटी हाल परिसर में अमृत सरोवर का निर्माण कराने के लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से कई करोड़ रुपए खर्च किए गए, ताकि शहरवासी सुबह-शाम सरोवर के चारों ओर घूमकर आनंद ले सकें, लेकिन अब सरोवर एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहा है. कई दिनों से सरोवर में पानी नहीं है. यहां लगे फव्वारे पानी की कमी और उपकरणों में खराबी के कारण बंद हैं.

दरअसल, संजय कम्युनिटी परिसर में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमृत सरोवर को संवारने के लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से करीब 10 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं. इसकी देख-रेख करने के साथ ही इसे संचालित करने को लेकर एजेंसी भी तय हो चुकी है, लेकिन हालत यह है कि सरोवर को सुंदर तरीके से विकसित करने की मंशा पर पानी फिर गया है.

इन दिनों सरोवर के हालात साफ इशारा कर रहे हैं कि इसे शुरू करना आसान नहीं है. कुछ दिनों पहले एसटीपी के पानी से अमृत सरोवर को भरा गया था, लेकिन अब सूख गया है. इतना ही नहीं तालाब में लगी रंगीन रोशनी की लाइटें खराब हो गई हैं. वहीं खाने-पीने के लिए बनी दुकानें, स्केटिंग ट्रैक, परफॉर्मेंस एरिया, सेल्फी प्वाइंट, कियोस्क, म्यूजिक फाउंटेन, चिल्ड्रंस प्ले एरिया भी बदहाल हो गया है.

### इलाके को लोग फैला रहे गंदगी, फेंक रहे कूड़ा

संजय कम्युनिटी हाल के सिक्योरिटी गार्ड और केयर टेकर ने बताया कि अमृत सरोवर उद्घाटन होने के बाद अभी तक चालू नहीं हुआ है. हम लोग इतने परेशान हैं कि बाहर के लोग आकर यहां पर बैठ जाते हैं. कई बार हमने शिकायत भी की, लेकिन उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई. आए दिन यहां लोग आकर बदतमीजी करते हैं. बच्चे भी अंदर आकर इसमें कूड़ा फेंकते हैं. चप्पल डालते है.